SARVA SHIKSHA ABHIYAN

सर्व शिक्षा अभियान

(S.S.A.)

परसपेक्टिव प्लान

(2002-2007)

जनपद- प्रतापगढ़

विषयानुक्रमणी

क्रमांक	अध्याय का नाम	पृष्ठ संख्या
1	जनपद की पृष्ठभूमि	1 – 12
2	शैक्षिक–परिदृश्य	13 – 34
3	नियोजन–प्रक्रिया	35 – 53
4	सर्वशिक्षा अभियाान के लक्ष्य एवं उद्देश्य	54 – 60
5	समस्याएं एवं रणनीतियां	61 – 69
6	शिक्षा की पहुंच का विस्तार – 1 { नवीन विद्यालय}	70 – 77
7	शिक्षा की पहुंच का विस्तार – 2 { ई. जी. एस., ए. आई. ई.}	78 – 98
8	ठहराव में वृद्धि के कार्यक्रम	99 – 135
9	प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन	136 – 190
10	परियोजना प्रबन्ध एवं अनुश्रवण	191 – 201
11	वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2002–2007	202 – 207
12	वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2003-2004	208 – 210

अध्याय– एक

जनपद प्रतापगढ़ की पृष्ठभूमि

उत्तर प्रदेश के 70 जिलों में जनपद प्रतापगढ़ का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इलाहाबाद मण्डल में आने वाला यह जनपद अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक भौगोलिक, राजनैतिक आदि विशिष्टताओं के कारण देश विदेशों में जाना जाता है। जनपद का प्रतापगढ़ नाम सोमवंशीय कुल शिरोमणि राजा तेज सिंह के योग्य पुत्र राजा प्रताप सिंह के नाम पर पड़ा। ज्ञातव्य है कि जनपद प्रतापगढ़ में पट्टी वत्स गोत्रीय क्षत्रियों का सदर क्षेत्र में सोम वंशीय क्षत्रियों का, कुण्डा क्षेत्र में विसेन क्षत्रियों और कुछ भागों में कनपुरिया एवं भेलखरिया क्षत्रियों का वर्चस्व रहा।

सन् 1856 में अवध जब ब्रिटिश शासन में मिलाया गया था तब प्रतापगढ़ नाम का कोई जिला नहीं था। उस समय रायबरेली नाम का भी कोई जिला नही था। प्रतापगढ़ जिले का कुछ भाग उस समय सलोन जिला में तथा कुछ सुल्तानपुर जिले में शामिल था। सन् 1856 में इसका पुर्नगठन किया गया। दूसरे वर्ष रायबरेली जिले की स्थापना हुई। लेकिन जिले का मुख्यालय सलोन में ही गदर के बाद तक रहा। गदर के बाद जब शान्ति स्थापित हुई तब पट्टी तहसील को सुल्तानपुर जिले से निकाल कर बिहार और प्रतापगढ़ में मिला दिया गया। और एक जिला प्रतापगढ़ बनाया गया जिसका मुख्यालय बेल्हा में रखा गया। उस समय प्रतापगढ़ में चार तहसीलें थीं जिनके नाम थे– प्रतापगढ़, पट्टी, बिहार तथा सलोन सलोन में तीन परगने थे– सलोन परसधेपर तथा अठेहा। सन 1869 में सलोन और परसधेपर रायबरेली जिले में शामिल कर दिये गये और अठेहा परगना को बिहार तहसील में मिला दिया गया बाद में अठेहा प्रतापगढ़ में स्थानान्तरित कर दिया गया तथा बिहार का मुख्यालय कुण्डा कर दिया गया।

वर्तमान प्रतापगढ़ जनपद में पांच तहसीलें– सदर, पट्टी, कुण्डा लाल्लगंज तथा रानीगंज है। इनमें से रानीगंज तहसील 15 अगस्त 2001 को इसके लोकार्पण के पश्चात अस्तित्व में आया।

जनपद प्रतापगढ़ में कुल 17 विकास खण्ड हैं जिनमें नव सृजित विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम भी शामिल है। उत्तर प्रदेश सरकार के ग्राम्य विकास अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या 3877/38–3–2001 बी/ 2001 दिनांक 3 सितम्बर 2001 द्वारा जारी की गयी।

तहसीलवार विकास खण्डों की सूची निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है।

सारिणी 1.1

क्र. सं.	तहसील	सम्मिलित विकास खण्ड	
1	सदर	1	सदर
		2	सण्डवा चन्द्रिका
		3	मान्धाता
2	लालगंज	1	लालगंज
		2	सांगीपुर
		3	लक्ष्मणपुर
		4	रामपुर संग्रामगढ़
3.	पट्टी.	1	पट्टी.
		2	मंगरौरा
		3	आसपुर देवसरा
4	कुण्डा	1	कुण्डा
		2	बाबागंज
		3	बिहार
		4	कालाकांकर
5	रानीगंज	1	गौरा
		2	शिवगढ़
		3	बाबाबेलखरनाथ धाम

स्रोतः- कार्यालय अभिलेख कार्यालय जिलाधिकारी, प्रतापगढ़

जनपद प्रतापगढ़ की प्रशासनिक इकाइयाँ

सारिणी 1.2

क्रमांक	प्रशासनिक इकाई का नाम	संख्या
1	तहसील	05
2	विकास खण्ड	17
3	न्याय पंचायत	171
4	ग्राम पंचायत	1105
5	राजस्व गांव	2181
6	बस्तियों की संख्या	8946
7	नगरीय क्षेत्र	—
8	नगर निगम	—
9	नगर महापालिका	—
10	नगर पालिका	01
11	टाउन एरिया	06
12	वार्ड	90

स्रोतः-जिलाधिकारी कार्यालय अभिलेख, प्रतापगढ़

टाउन एरिया

सारिणी 1.2.1

क्रं.	विवरण	टाउन एरिया	वार्ड	राजस्व गांव	बस्तियों की संख्य
1	लक्ष्मणपुर	X	X	114	572
2	बिहारा	X	X	114	642
3	आसपुर देवसरा	X	X	114	476
4	पट्टी	01	10	161	547
5	कुण्डा	01	14	127	889
6	मानधाता	X	X	172	677
7	कालाकांकर	01	11	102	513
8	गौरा	X	X	125	295
9	रामपुर संग्रामगढ़	X	X	124	465
10	सण्डवा चन्द्रिका	01	10	129	565
11	मगरौरा	X	X	211	657
12	सदर	02	20	137	390
13	शिवगढ़	X	X	183	619
14	बाबागंज	X	X	135	622
15	सांगीपुर	X	X	125	606
16	लालगंज	X	X	108	411
17	नगर क्षेत्र	X	25	-	-
	योग	06	90	2181	8946

स्रोतः—कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़

भौगोलिक स्थिति

प्रतापगढ़ जनपद उत्तर प्रदेश प्रान्त के इलाहाबाद मण्डल का एक जिला है। इसके उत्तर में सुल्तानपुर, दक्षिण में इलाहाबाद, पूर्व में जौनपुर तथा पश्चिम में रायबरेली जनपद है। पूरब से पश्चिम तक इसकी लम्बाई 114.5 है। उत्तर दक्षिण की लम्बाई केवल 34.5 किमी है। इस जनपद का क्षेत्र फल 3717 वर्ग किमी है।

प्राकृतिक दशा

जनपद प्रतापगढ़ के दक्षिण में गंगा, उत्तर पूर्व में गोमती नदी बहती हैं। सई नदी इसके मध्य भाग से बहती हुयी आगे जाकर जौनपुर जिले में गोमती नदी से मिल जाती है। समुद्र तल सें इसकी उंचाई लगभग 300 फिट हैं। पूरे जिले का ढाल पूरब की ओर है। गंगा नदी लगभग 30 मील तक इसकी दक्षिणी सीमा बनाती है। उत्तर पूर्व में गोमती नदी इस जिले की सीमा पर चार मील तक बहती है। मध्य भाग में सई नदी राय बरेली जनपद से आकर टेढे मेढे मार्गो से होती हुयी लगभग 45 मील तक इस जिले में बहती हुयी जौनपुर की सीमा में प्रवेश करती है। इसके अतिरिक्त नैया, चमरोड़ा, परैया, छोइया, लोनी, सकरनी एवं बकुलाही सहायक नदियां नालों जैसी हें जो गर्मियों में सूख जाती हैं।

जिले में कई झीलें हैं। पट्टी में नौरेहा झील सबसे बड़ी है। जो लगभग चार वर्ग मील में है और कभी सूखती नही है। कुण्डा तहसील में बेंती , रामपुर, भगदरा की झीलें बहुत बडी और प्रसिद्ध है इसके अलावा मानिकपुर, बिहार और ढिंगवस में भी झीलें हैं। इस जिले में जंगल नही है। इस जिले में बाग बहुत है जिनमें आम महुआ, कटहल आदि सबसे प्रमुख यहां पर आंवले का बाग है।

जिले की जलवायु पड़ोसी जिलों जैसी ही है। वर्ष में तीन मौसम होते हैं जिले

में न अधिक जाड़ा न अधिक गर्मी पड़ती है गर्मियों में अक्सर कई दिनों तक तेज व गर्म लू चलती हैं बरसात में बारिस पर्याप्त होती है। जाड़े का मौसम सुहाना होता है दिसम्बर एवं जनवरी महीनों में अधिक जाड़ा पड़ता है।

कृषि भूमि एवं सिंचाई व्यवस्था

जनपद प्रतापगढ़ के मुख्य आय का स्रोत कृषि है। जनपद का कुल क्षेत्रफल 362423 हेक्टेयर है जिसका 2/3 भाग कृषि योग्य है। सिंचाई के साधनों में प्रमुख भूमिका नहरों की है जो कुल सिंचित साधनों का 85 प्रतिशत व्यक्तिगत नलकूप तथा 6771 पक्के कुएं हैं। यह जनपद आंवले की खेती के लिये विश्वविख्यात है। आंवले की खेती इस जनपद के विदेशी विनियम का एकमात्र स्रोत है।

यातायात, संचार व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं:-

जनपद प्रतापगढ़ में 140 किमी लम्बी बड़ी रेल लाइन है जो सीधे लखनऊ, बनारस, फैजाबाद एवं इलाहाबाद से जुड़ी हैं। इसके अलावा सरकारी बस स्टेशन एवं प्राइवेट बस स्टेशन हैं जो यातायात की सुविधा प्रदान करते हैं। इनकी संख्या 109 है। सड़कों का विस्तार प्रति 1000 किमी क्षेत्रफल पर 946 किमी है। मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग फैजाबाद, इलाहाबाद, लखनऊ, बनारस, ऊंचाहार एवं रायबरेली को जाते हैं। जनपद के लगभग 700 गावों में दूरसंचार व्यवस्था उपलब्ध है। इसी प्रकार लगभग 1300 गावों में चिकित्सीय सुविधा 2181 गावों में पीने के पानी की सुविधा, 350 गावों में डाक तार सुविधा, 250 बाजार तथा 1000 गावों में पक्की सड़कें उपलब्ध हैं। लगभग 1550 गावों में विद्युतीकरण हो चुका है। जनपद में बैंकिंग सुविधा पूर्ण रूपेण उपलब्ध नहीं है। जनपद की लगभग 27 लाख जनसंख्या में पांच राष्ट्रीय कृत बैंकों एवं तीन सहकारी बैंकों की लगभग 168 शाखाओं द्वारा बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा रही है।

ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि

प्राग् ऐतिहासिक काल की जानकारी विभिन्न अनुसंधानों के फलस्वरूप प्राप्त हुई है। प्रयाग विश्वविद्यालय के पुरातत्व विद् स्व. प्रो. जी. आर. वर्मा ने जनपद के विभिन्न स्थानों जैसे मरदहा, सराय नाहर राय आदि स्थानों का जो उत्खनन कार्य करवाये उससे सिद्ध होता है कि प्राग इतिहास काल से ही प्रतापगढ़ का अस्तित्व था।

बाल्मीकि रामायण से ज्ञात होता है कि जनपद प्रतापगढ़ उस समय कौशल राज्य का एक भाग था तथा इसमें गंगा गोमती एवं सई नदियां विद्यमान थीं। इस जनपद को दो भागों में विभक्त करने वाली सई नदी को रामायण काल में स्यंदिका कहते थें

महाभारत कालीन स्थान जैसे अजगरा, हण्डौर तथा पांचों सिद्ध इसी जनपद में स्थित हैं। जो कि अब भी धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अपना महत्व रखते हैं। बौद्धकाल में भी कौशाम्बी के निकट होने के कारण इस जनपद का अपना विशेष महत्वपूर्ण स्थान था। वर्तमान बिहार विकास खण्ड में बौद्धकालीन बिहार के भग्नावशेष अब भी पाये जाते हैं। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने स्वयं अपनी पुस्तक में इस स्थान पर आने की बात का विवरण दिया है। बिहार विकास खण्ड के काशीपुर गांव में बौद्ध बिहार के टीले अब भी मौजूद हैं।

अवध के इस भूखण्ड में क्षत्रियों के आने से पहले भर जाति के लोग रहते थे। ऐसा लगता है कि भर जाति के लोग ही यहां के भू–स्वामी थे। सोमवंशी क्षत्रियों ने 13वीं सदी में झूंसी से यहां आकर भरों को भगा दिया। तेरहवीं शताब्दी तक इस भूभाग पर हिन्दू शासकों का ही शासन रहा। जिसमें गहरवार वंश प्रमुख था। प्रतापगढ़ के दक्षिण पश्चिम सीमा पर बसा मनिकपुर कस्बा गहरवार वंशीय शासक मानिकचन्द का बसाया हुआ है। जो कि जयचन्द के सौतेले भाई थे। बाद में इस भू–भाग पर मुस्लिम शासकों का आधिपत्य स्थापित हो गया। जिनसे राजपूत शासक लगातार संघर्ष करते रहे। प्रतापगढ़ पहले इलाहाबाद सूबे का एक अंग था जो बाद में अवध का अंग बना।

धार्मिक पृष्ठ भूमि

प्रतापगढ़ जनपद के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में शहर में सई न्नदी व किनारे प्रसिद्ध बेल्हा देवी का मन्दिर स्थित है। प्रायः जनपद शहर से 20 कि. मी पश्चिमी में मॉ चण्डिका का मन्दिर, 45 कि.मी. दक्षिण पश्चिम में सांगीपुर ब्लाक में घुइसरनाथ का शिव मन्दिर एवं लक्ष्मणपुर ब्लाक में अजगरा नामक स्थान पर महाभारत कालीन यक्ष–युधिष्ठिर संवाद हुआ था। इसके विषय में कहा जाता है कि राजा नहुष राय के कारण यक्ष योनि को प्राप्त हुए थे। पाण्डवों के वनवासकाल में यहीं पर यक्ष पाण्डव संवाद हुआ था और युधिष्ठिर द्वारा यथेष्ट उत्तर मिलने पर नहुंस को मोक्ष प्राप्त हुआ था। शहर के 20 किलो मीटर पूर्व में बाबाबेलखरनाथ धाम {शिवमन्दिर} स्थित है जिनके नाम से नये विकास खण्ड की स्थापना की गयी।

सदर तहसील में शहर से 22 किमी दूर दक्षिण पूर्व में बकुलाही न्नदी के किनारे महाभारत कालीन भारत का दूसरा प्रसिद्ध ऐतिहासिक शनिदेव मन्दिर स्थित है। शहर के 25 किमी दक्षिण में मान्धाता विकास खण्ड में बकुलाही न्नदी के तट पर पाण्डवों द्वारा शंकर जी की पूजा कर उनके लिंग की स्थापना की गायी थी जिसे भयहरण नाथ मन्दिर के नाम से जाना जाता है।

जनपद के दक्षिण सीमा पर गंगा तट पर कड़ा धाम स्थित है जहां वर्ष मे दो बार विराट मेला लगता है।

जनपद के प्रमुख मेले

प्रतापगढ़ जनपद का मुख्य मेला विजयदशमी के बाद– कटरा मेदनीगंज भुपियामऊ} सदर में माननीय राजा अभय प्रताप सिंह पूर्व सांसद द्वारा लगवाया जाता है जिसमें ऊंट, घोड़े, भैंस, गाय, जानवरों के अतिरिक्त नौटंकी, नाटक, सर्कस, काला जादू, होटल, मिठाइयों की दुकानें, लकड़ी के सामान के साथबहुत अच्छे– 2 सामान मिलते हैं, जिनमें क्षेत्रीय जनता के अतिरिक्त दूर जनपदों से भी व्यापारी आया करते हैं जिनमें करोडों का व्यवसाय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से व्यवसायी तथा क्षेत्रीय जनता आनन्द लेते हैं। इस कार्यक्रम में पुरूष महिलाओं के बराबर की भागीदारी होती है। मेले के पश्चिम तरफ बहुत बड़ा तालाब है जिससे पानी की सुविधा के साथ साथ तालाब में कमल के फूल मेले की शोभा बिखेरते हैं।

विजय दशमी से पूर्व भदरी { बाबूंगज} कुण्डा में माननीय राजा उदय सिंह द्वारा एक महा के लिये मेला लगवाया जाता है इस मेले में जानवरों के व्यवसाइयों के अतिरिक्त नौटंकी, नाटक, सर्कस, जादुगरी के अतिरिक्त क्षेत्रीय जनता द्वारा पुरूष एवं महिलाओं द्वारा मेले में प्रतिभाग करते हैं।

पट्टी में कार्तिक में तीन दिवसीय जानवरों के व्यवसायी के अतिरिक्त नौटंकी नाटक, सर्कस, जादूगरी के अतिरिक्त क्षेत्रीय मेले में दूर दूर से व्यवसायी आते है

मानिकपुर कुण्डा में भी कार्तिक माह में मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें जानवरों के व्यवसायी के अतिरिक्त नौटंकी, सर्कस आदि मनोरंजन कार्यक्रम भी होते हैं जिसमें स्त्री पुरूष दोनों की भागीदारी होती है।

बहारकपुर कुण्डा म कामक द्वताया का एक सप्ताह क लिय मला लगता ह यह मेला एक सप्ताह के लिये जानवरों के व्यवसायी के अतिरिक्त नौटंकी नाटक सर्कस, जादूगरी के अतिरिक्त स्त्री पुरूष दूर दूर से आकर प्रतिभाग करते हैं।

स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआत में जनपद का योगदान :-

इस जनपद के तहसील पट्टी के ग्राम रूर में स्वतंत्रता की लड़ाई का शुभारम्भ हुआ था। इस आन्दोलन की शुरूआत वहीं के निवासी ठा. झिंगुरी सिंह द्वारा पं. जवाहर लाल नेहरू के निर्देशन में शुरू हुआ। इस आन्दोलन को किसान आन्दोलन के रूप में जाना जाता है। राजा अवधेश सिंह के निमंत्रण पर महात्मागांधी कालाकांकर पधारे थे उन्हीं के समक्ष विदेशी वस्त्रों की होली जलाई गयी थी। असहयोग आन्दोलन, लगान बन्दी और नमक आन्दोलन में कालाकांकर रियासत ने सक्रियता से भाग लिया।

प्रतापगढ़ जनपद की साहित्यिक गतिविधियॉ :-

बीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आन्दोलन में कालाकांकर के राजा अवधेश सिंह सक्रिय भाग ले रहे थे। राजा अवधेश सिंह के इस देश प्रेम से प्रभावित होकर अनेक विद्वान राष्ट्रसेवी और कवि कलाकार यहां आया करते थे। पत्रकारों में बालमुकुन्द गुप्त, अमृत लाल चक्रवर्ती प्रताप नारायण मिश्र के नाम उल्लेखनीय हैं। कवियों में पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी, राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त, महादेवी वर्मा, राम नरेश त्रिपाठी, जैनेन्द्र कुमार, निराला आदि थे। कविवर सुमित्रा नन्दन पन्त यहां वर्षों रह कर अपनी रचनायें करते रहे। पन्त जी ने कालाकांकर का राजभवन चांदनीरात में नौका बिहार आदि रचनायें कालाकांकर में रह कर किया।

जनसंख्या

2001 की जनगणना के अनुसार प्रतापगढ़ जिले की कुल आबादी 27,01,346 है इसमें 1341833 महिलायें एवं 1359513 पुरूष है। पुरूष महिला लिंग अनुपात 1000:987 है। प्रतापगढ़ जिले में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 475102 है जो कि कुल आबादी का 17.58 प्रतिशत है।

अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या शून्य है। दस वर्षों में जनसंख्या वृद्धि दर 22.194 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या कुल जनसंख्या का 94.47 प्रतिशत है। प्रतापगढ़ की जनसंख्या का घनत्व 594.75 प्रति वर्ग किमी है।

प्रतापगढ़ मुख्य रूप से हिन्दू बाहुल्य जिला है हिन्दुओं की कुल संख्या जिले की जनसंख्या का 86.56 प्रतिशत है। मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या द्वितीय स्थान पर है। इसका प्रतिशत 13.24 है। भारत पाक विभाजन के समय पंजाब से आये सिख यहां बस गये हैं।

[illegible] जनसंख्या परिदृश्य — सारणी 1.3

क्र. सं.	नाम ब्लाक	क्षेत्रफल वर्ग किमी	आवासीय मकानों की संख्या	परिवारों की संख्या	कुल जनसंख्या 2001			अनु0जाति की संख्या		
					पुरूष	स्त्री	यो0	पुरूष	स्त्री	यो0
1	कालाकांकर	180.2	18626	19323	67398	62986	130384	12925	12425	25350
2	बाबागंज	243.0	23671	24567	74531	73871	148402	17653	19464	37117
3	कुण्डा	278.7	30030	31117	104111	101376	205487	19621	19794	39415
4	बिहार	266.0	26777	27579	89423	92365	181788	20363	23745	44108
5	सांगीपुर	261.6	2507	26142	81115	78458	159573	14548	14522	29070
6	लालगंज	184.4	18788	19460	61953	61767	123702	11537	11978	23515
7	लक्षमणपुर	185.0	19117	19890	66914	68558	135472	10772	11836	22608
8	सण्डवा चन्द्रिका	222.6	20636	21110	69127	69195	138322	10954	11132	22086
9	सदर	188.9	21440	22027	89431	83806	173237	12731	11963	24694
10	मान्धाता	212.7	24717	25268	92308	93286	185594	14342	15689	30031
11	मंगरौरा	285.8	24834	25619	96079	95563	191641	16802	16726	33528
12	पट्टी	196.2	15993	16440	65886	67342	133228	10240	10470	20710
13	आसपुर देवसरा	110.7	18646	19304	83525	83651	167176	14037	13978	28015
14	शिवगढ़	220.9	21086	21830	85066	83518	168584	12095	11759	23854
15	गौरा	237.7	22188	22773	88437	89792	178229	13503	13971	27474
16	रामपुर संग्रामगढ़	208.2	20055	20887	67371	65927	133298	15108	15397	30505
	योग ग्रामीण	3683.9	351564	363336	1282657	1271460	2554117	227231	234850	462081
	योग नगरीय	33.1	18192	18804	76856	70373	147229	6685	6336	13021
	योग जनपद		369756	382140	1359513	1341833	2701346	233916	241186	475102

अध्याय– दो

जनपद का शैक्षिक परिदृश्य साक्षरता स्तर

जनपद प्रतापगढ़ में साक्षरता का स्तर बहुत संतोषजनक नही है। जनपद का साक्षरता स्तर प्रान्त के साक्षरता स्तर से कम है। 2001 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता 49.53 प्रतिशत थी तथा शहरी क्षेत्रों में 73.67 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पुरूषों की साक्षरता 59.94 प्रतिशत थी वहीं महिला साक्षरता 39.40 प्रतिशत थी। इस प्रकार हम देखते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की साक्षरता का प्रतिशत अत्यधिक न्यून हे। निम्नलिखित तालिका से प्रान्त की साक्षरता एवं जनपद प्रतापगढ़ की साक्षरता का विवरण दृष्टिगोचार हो रहा है।

साक्षरता दर प्रतापगढ़ एवं उत्तर प्रदेश

सारिणी नं. 2.1

क्रमांक	विवरण	साक्षरता प्रतिशत प्रतापगढ	साक्षरता प्रतिशत उत्तर प्रदेश
1	कुल साक्षरता	51.01 %	57.36%
2	ग्रामीण साक्षरता	49.53%	
3	शहरी साक्षरता	73.67%	
4	पुरुष साक्षरता	61.74%	
5	महिला साक्षरता	40.14%	
6	पुरुष साक्षरता { ग्रामीण}	59.94%	
7	महिला साक्षरता { ग्रामीण}	39.40%	
8	पुरुष साक्षरता { शहरी}	89.77%	
9	महिला साक्षरता { शहरी}	56.09%	

जनपद प्रतापगढ़ में डी. पी. ई. पी. III योज़ना लागू होने के उपरान्त साक्षरता के स्तर में आशातीत सुधार हुआ है। विशेष रूप से महिला साक्षरता दर में शिक्षा की पहंच के विस्तार, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये संचालित कार्यक्रमों के फलस्वरूप वृद्धि हुई है। यदि ऐसी योजनाएं आगामी दस वर्षों तक संचालित होती रहें तो प्रान्त में सर्वोच्च साक्षरता दर वाला जनपद हो जायेगा। ध्यातव्य है कि जनपद प्रतापगढ़ में प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में पोस्ट लिटरैसी प्रोग्राम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो चुका है। जनपद की कुल जनसंख्या में विकास खण्डवार साक्षरता दर निम्नलिखित सारिणी से स्पष्ट है।

सारिणी 2.2

विकास खण्डवार साक्षरता दर 2001 के अनुसार

क्र. सं.	ब्लाक का नाम	साक्षर संख्या			साक्षर दर		
		पुरूष	महिला	योग	पुरूष	महिला	योग
1	कालाकांकर	36835	24537	61372	54.65	38.96	477.07
2	बाबागंज	41926	27927	64853	56.25	37.80	477.07
3	कुण्डा	59767	39811	46449	57.40	39.27	488.46
4	बिहार	52874	35220	46435	59.13	37.13	488.46
5	सांगीपुर	45082	30029	75111	55.58	38.27	477.07
6	रानपुर संग्रामगढ़	38913	23830	62743	57.76	36.14	477.07
7	लक्ष्मणपुर	40329	25321	65650	60.27	36.94	4846
8	लालगंज	36827	23123	59950	59.44	37.43	488.46
9	रण्डवा चन्द्रिका	39078	26030	65108	56.53	37.62	477.07
10	मान्धाता	52416	34915	49097	58.61	41.66	477.07
11	प्रतापगढ़ सदर	81184	15498	52659	90.77	56.09	74.00
12	मंगरौरा	55740	37129	51364	68.0	38.85	488.46
13	पट्टी	38750	25812	65562	58.81	38.33	488.46
14	आसपुर देवसरा	48624	32389	81013	58.21	38.72	488.46
15	शिवगढ़	50186	31510	81696	59.0	37.73	488.46
16	गौरा	51839	34539	86370	58.62	38.46	488.46
	योग ग्रामीण	770370	49912112	69491	59.94	39.40	49.53
	नगरीय क्षेत्र	68996	39472	108468	89.77	56.09	73.67
	जनपद कुल योग	839366	538593	1377959	61.74	40.14	51.01

स्रोत- जिला सांख्यिकी पुस्तिका

जनपद में प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता :-

जनपद प्रतापगढ़ में ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर क्षेत्र के कुल बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों की संख्या 1590 है। कुल मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 312 है। जनपद में कुछ अमान्य प्राथमिक विद्यालय भी हैं जिनकी संख्या 400 है।

इस प्रकार से ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 307 है। कुल मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 129 है। जनपद में कुछ अमान्य उच्च प्राथमिक विद्यालय भी हैं जिनकी संख्या 139 है।

उपर्युक्त विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों हाई स्कूल, इण्टर मीडिएट, डिग्री कालेज आदि का विवरण निम्न लिखित दो तालिकाओं से स्पष्ट है।

सारिणी 2.3

प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता

क्र. सं.	ब्लाक का नाम	परिषदीय शासकीय			मान्यता प्राप्त			अन्यान्य संस्थाये	
		ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय
1	कालाकांकर	72	03	72	10	—	10	52	12
2	बाबागंज	94	—	91	18	—	18	22	—
3	कुण्डा	95	01	93	22	08	30	07	03
4	बिहार	103	—	100	14	—	14	17	—
5	सांगीपुर	93	—	90	27	—	27	26	—
6	लालगंज	77	—	74	11	—	11	66	—
7	लक्ष्मणपुर	81	—	78	08	—	08	09	—
8	सण्डवा चन्द्रिका	108	—	105	25	—	25	05	—
9	सदर	99	03	99	26	05	31	04	03
10	मान्धाता	125	—	122	13	—	13	18	—
11	नंगरौरा	90	—	108	14	—	14	29	—
12	पट्टी	75	02	97	05	13	18	12	01
13	आसपुर देवसरा	106	—	103	16	—	16	19	—
14	शिवगढ़	81	—	101	14	—	14	18	—
15	गौरा	89	—	99	9	—	9	23	—
16	रामपुर संग्राम	79	—	76	14	—	14	19	—
17	नगर क्षेत्र	—	19	29	—	40	40	—	35
18	बाबा बेलावरनाथ धाम	85	0	0	246	66	312	346	54
	योग	1552	38	1590	246	66	312	346	54

स्रोत – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अभिलेख, प्रतापगढ़

सारिणी–2.4
उच्च प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता

स.	ब्लाक का नाम	परिषदीय शासकीय			मान्यता प्राप्त			अमान्य संस्थायें		
		ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग
1.	कालाकांकर	12		12	10		10	7	1	8
2.	बाबागंज	11		11	15		15	6		6
3.	कुण्डा	14		14	18	3	21	11	2	13
4.	बिहार	19		19	11		11	7		7
5.	सांगीपुर	18		18	18		18	4		4
6.	लालगंज	11		11	10		10	3		3
7.	लक्ष्मणपुर	18		18	8	0	8	5	2	7
8.	सण्डवा चंद्रिका	18		18	20		20	7		7
9.	सदर	22		22	18	2	20	10		10
10.	मान्धाता	29		29	12		12	12		12
11.	मगरौरा	21		21	13		13	10		10
12.	पट्टी	20		20	5		5	8		8
13.	आसपुर देवसरा	15		15	12		12	6		6
14.	शिवगढ़	17		17	11		11	7		7
15.	गौरा	20		20	9		9	8		8
16.	रामपुर संग्रामगढ़	13		12	12		12	7		7
17.	बाबाबेलखरनाथधाम	19		19	6		6	8		8
18.	नगर क्षेत्र	—	10	10		6	6	8		8
	योग	297	10	307	208	11	219	134	5	139

सारिणी 2.5

शैक्षिक संस्थाएं, जनपद प्रतापगढ़

क्र सं.	विवरण	परिषदीय / शासकीय			मान्यता प्राप्त			कुल			अमान्य	
		ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय	योग	ग्रामीण	नगरीय
		1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	प्राथमिक विद्यालय	1552	38	1590	246	66	312	1798	104	1902	346	54
2	माध्यमिक विद्यालय से सम्बद्ध प्राइमरी अनुभाग	0	0	0	0	0	0	00	00	00	00	00
3	उच्च प्राथमिक विद्यालय	297	10	307	208	11	219	499	21	520	134	05
4	माध्यमिक विद्यालय से सम्बद्ध उच्च प्राथमिक अनुभाग	04	02	06	89	12	101	93	14	107	02	03
5	केन्द्रीय विद्यालय	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
6	नवोदय विद्यालय	00	01	01	00	00	00	00	01	01	00	00
7	हाईस्कूल	10	00	10	44	02	46	54	02	56	06	00
8	इण्टर मीडिएट	03	02	05	69	11	80	72	13	85	01	—
9	डिग्री कालेज	00	00	00	01	00	01	01	00	01	00	00
10	स्नातकोत्तर महाविद्यालय	01	00	01	02	02	04	03	02	05	00	00
11	विश्व विद्यालय	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00	00
12	तकनीकी संस्थान आई.टी.आई./पॉलीटेक्निक	01	02	03	00	00	00	00	00	00	00	00
13	कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाएं	0	0	0	00	01	01	00	01	01	10	02
14	आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या	—	—	—	—	—	—	1694	—	1694	—	—
15	मकतब / मदरसे	—	—	—	15	03	18	15	03	18	32	02
16	संस्कृत पाठशालाएं	—	—	—	27	00	27	27	00	27	01	00
17	विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु संस्थाए	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	01
18	बाल श्रमिक विद्यालय	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—

स्रोत– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय अभिलेख, प्रतापगढ़

छात्र नामांकन

प्राथमिक स्तरः-

जनपद प्रतापगढ़ में 6 से 11 आयु वर्ग के कुल 411126 बच्चे चिन्हित किये गये हैं जिनमें 217578 बालक एवं 193548 बालिकाएं हैं जिनमें से 312654 बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में, 64314 बच्चों का प्रवेश मान्यता प्राप्त विद्यालयों में तथा 24060 बच्चों का प्रवेश अमान्य विद्यालयों में हुआ है। अभी तक कुल 10098 बच्चे (5127 बालक एवं 4971 बालिकाएं) विद्यालय से बाहर हैं जिनके शत प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य सर्वशिक्षा अभियान में रखा गया है। जनपद का एन. ई. आर. 93.64 प्रतिशत तथा जी. ई. आर. 97.54 प्रतिशत है।

उच्च प्राथमिक स्तर :-

जनपद में 11 से 14 आयु वर्ग के कुल 220300 बच्चे चिन्हित किये गये हैं जिनमें 118146 बालक एवं 99395 बालिकाएं हैं। इनमें से 49265 बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में, 119932 बच्चों का प्रवेश मान्यता प्राप्त विद्यालयों में तथा 48344 बच्चों का प्रवेश अमान्य विद्यालयों में है एवं 2759 बच्चे जिनमें से 1301 बालिकांए एवं 1458 बालक हैं वह स्कूल के बाहर है। जिनका शतप्रतिशत नामांकन का लक्ष्य सर्व शिक्षा अभियान में रखा गया है। जनपद का एन. ई. आर. 94.80 प्रतिशत तथा जी. ई. आर. 98.75 प्रतिशत है।

छात्र नामांकन (प्राथमिक विद्यालय)
जनपद– प्रतापगढ़ सारिणी 2.6

क्र.	विकासखण्ड	6 से 11 वय वर्ग की कुल सं0			परिषदीय विद्यालयों में नामांकन			मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन			अमान्य विद्या में नामांकन	
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका
1.	कालाकांकर	103617	8685	19052	8206	7409	15615	1545	759	2304	415	266
2.	बाबागंज	12451	11333	23784	10194	9568	19762	1334	1066	2400	503	302
3.	कुण्डा	17016	15473	32489	10555	9938	20493	5472	4629	10101	591	595
4.	लक्ष्मणपुर	10295	9524	19819	8519	8252	16771	1250	830	2080	111	142
5.	सांगीपुर	12432	11014	23446	8134	8045	16179	2065	1518	3583	1905	1175
6.	लालगंज	9545	8502	18047	6464	6743	13207	1785	861	2646	1073	650
7.	रामपुर संग्रामगढ़	10363	9128	19491	6985	6427	13412	2581	1552	4133	590	781
8.	सण्डवा चंद्रिका	13236	10344	23580	8471	8845	17316	2378	552	2930	1949	554
9.	बिहार	12632	12607	25239	11798	10821	22619	1205	1227	2432	312	259
10	सदर	13683	11820	25503	8629	8931	17560	3130	1934	5064	1612	759
11	मानधाता	14116	13246	27362	10634	10024	20658	2172	2087	4259	871	775
12	मगरौरा	15188	14093	29281	11710	11835	23545	2679	1684	4363	539	361
13	पट्टी	13562	11750	25312	10292	10092	20384	2394	1104	3898	563	254
14	आसपुर देवसरा	12794	11796	24590	10346	10413	20759	1411	1018	2429	931	265
15	शिवगढ़	13026	11776	24802	9336	9302	10638	3133	1970	5103	337	276
16	गौरा	13029	11711	24740	11376	10822	22198	566	323	889	825	287
17.	बाबाबेलखरनाथधाम	7435	5817	13252	5840	4582	10422	705	545	1250	770	438
18.	नगर क्षेत्र	5408	4929	10337	1520	1596	3116	2671	2179	4850	1069	955
	योग	217578	193548	411126	159009	153645	312654	38476	25838	64314	14966	9094

त्र नामांकन उच्च प्राथमिक विद्यालय सारिणी 2.7
पद प्रतापगढ़

विकासखण्ड	11–14 आयुवर्ग में बच्चों की संख्या			परिषदीय विद्यालयों में नामांकन			मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन			अमान्य विद्यालय में नामांकन		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
कालाकांकर	5652	4918	10570	1068	698	1766	2681	2856	5537	1813	1249	3062
बाबागंज	6094	5593	11687	750	610	1360	4022	3568	7590	1217	1308	2525
कुण्डा	8428	6798	15226	910	653	1563	6579	5078	11657	850	1032	1882
बिहार	8018	5739	13757	2069	1452	3521	2778	2202	4980	3062	1996	5058
सांगीपुर	6503	5877	12380	826	641	1467	3468	3406	6874	2096	1724	3820
लालगंज	5313	4842	10155	691	412	1103	2722	2308	5030	1855	2085	3940
रामपुर संग्रामगढ	6651	4100	10751	958	603	1561	4615	2459	7074	915	911	1826
लक्ष्मणपुर	6122	4763	10885	2118	881	2999	2861	2652	5513	1076	1174	2250
सण्डवा चंद्रिका	5759	5303	11062	1647	1262	2909	3468	3147	6615	590	812	1402
सदर	7018	6208	13226	1754	1440	3194	3560	3148	6708	1657	1577	3234
मान्धाता	7197	6776	13993	1965	1726	3691	3618	3448	7066	1545	1555	3100
मगरौरा	8430	5937	14367	2099	1478	3577	3873	2593	6466	2364	1801	4165
पट्टी	5958	4788	10746	1770	1422	3192	3428	2387	5815	682	907	1589
आसपुर देवसरा	6652	6199	12851	2488	1829	4317	3274	2916	6190	805	1385	2190
शिवगढ़	6748	6191	12939	1215	1356	2571	4779	3853	8632	675	924	1599
गौरा	6957	6580	13537	3165	2323	5488	2448	2427	4875	1241	1763	3004
बाबाबेलखर नाथ धाम	6239	5375	11614	1385	419	1804	3718	4169	7887	1136	787	1923
नगर क्षेत्र	5865	4689	10554	1808	1374	3182	3316	2107	5423	675	1100	1775
योग	119604	100696	220300	28686	20579	49265	65206	54726	119932	24254	24090	48344

सारिणी 2.8
स्कूल न जाने वाले बच्चों की स्थिति (2003 की स्थिति)

क्र.	विकास क्षेत्र का नाम	6–11 वय वर्ग			11–14 वय वर्ग		
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1.	कालाकांकर	201	251	452	90	115	205
2.	बाबागंज	420	397	817	105	107	212
3.	कुण्डा	398	311	709	89	35	124
4.	बिहार	317	300	617	109	89	198
5.	सांगीपुर	328	276	604	115	104	219
6.	लालगंज	223	248	471	45	37	82
7.	लक्ष्मणपुर	415	300	715	67	56	123
8.	सण्डवा चंद्रिका	438	393	831	54	82	136
9.	सदर	312	196	508	47	43	90
10.	मान्धाता	439	360	799	69	67	136
11.	मंगरौरा	260	213	473	94	65	159
12.	पट्टी	313	300	613	78	72	150
13.	आसपुर देवसरा	106	100	206	85	69	154
14.	शिवगढ़	220	228	448	79	58	137
15.	गौरा	260	279	541	103	67	170
16.	रामपुर संग्रामगढ़	207	368	575	163	127	290
17.	नगर क्षेत्र	148	199	347	2	725	727
18.	बाबाबेलखरनाथ धाम	120	252	372	66	108	174
	योग	5127	4971	10098	1458	1301	2759

स्रोत – कार्यालयीय अभिलेख

सारिणी 2.9

जी.ई.आर. एवं एन.ई.आर. प्राथमिक स्तर

क्र.	विकास क्षेत्र का नाम	कुल नामांकन अनुपात प्राथमिक (जी.इ.आर.)			शुद्ध नामांकन अनुपात (एन.ई.आर.)		
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1.	कालाकांकर	98.06	97.10	97.62	94.14	93.22	93.72
2.	बाबागंज	96.62	96.49	96.56	92.76	92.64	92.70
3.	कुण्डा	97.66	97.99	97.81	93.75	94.07	93.90
4.	बिहार	96.64	96.85	96.74	92.78	92.98	92.87
5.	सांगीपुर	97.36	97.49	97.42	93.47	93.59	93.52
6.	लालगंज	97.66	97.08	97.39	93.76	93.20	93.49
7.	लक्ष्मणपुर	98.00	95.97	97.05	94.08	92.13	93.17
8.	सण्डवा चंद्रिका	96.69	96.20	96.48	92.82	92.35	92.62
9.	सदर	97.67	97.62	97.65	93.77	93.71	93.74
10.	मान्धाता	97.72	98.34	98.0	93.81	94.41	94.09
11.	मंगरौरा	96.89	97.28	97.08	93.01	93.39	93.20
12.	पट्टी	98.29	98.49	98.38	94.36	94.55	94.44
13.	आसपुर देवसरा	97.69	97.45	97.58	93.78	93.55	93.68
14.	शिवगढ़	99.17	99.15	99.16	95.20	95.18	95.19
15.	गौरा	98.31	98.06	98.19	94.34	94.14	94.26
16.	रामपुर संग्रामगढ़	97.99	97.61	97.81	94.07	93.70	93.90
17.	नगर क्षेत्र	98.39	95.67	97.19	94.45	91.84	93.30
18.	बाबाबेलखरनाथ धाम	97.26	95.96	96.64	93.37	92.12	92.77
	योग	97.64	97.43	97.54	93.73	93.53	93.64

सारिणी 2.10
जी.ई.आर. एवं एन.ई.आर. उच्च प्राथमिक स्तर

क्र.	विकास क्षेत्र का नाम	कुल नामांकन अनुपात प्राथमिक (जी.इ.आर.)			शुद्ध नामांकन अनुपात (एन.ई.आर.)		
		बालक%	बालिका%	योग	बालक	बालिका	योग
1.	कालाकांकर	98.40	97.66	98.06	94.47	93.75	94.14
2.	बाबाग॰ज	98.28	98.09	98.19	94.34	94.16	94.26
3.	कुण्डा	98.94	99.48	99.19	94.99	95.50	95.22
4.	बिहार	98.64	98.45	98.56	94.69	94.51	94.62
5.	सांगीपुर	98.23	98.23	98.23	94.30	94.30	94.30
6.	लालगंज	99.15	99.23	99.19	95.19	95.27	95.22
7.	लक्षमणपुर	97.55	96.90	97.30	93.65	93.03	93.41
8.	सण्डवा चंद्रिका	98.90	98.82	98.87	94.95	94.87	94.91
9.	सदर	99.06	98.45	98.77	95.10	94.51	94.82
10.	मान्धाता	99.33	99.30	99.32	95.36	95.33	95.35
11.	मंगरौरा	99.04	99.01	99.03	95.08	95.05	95.07
12.	पट्टी	98.88	98.90	98.89	94.93	94.95	94.94
13.	आसपुर देवसरा	98.69	98.50	98.60	94.74	94.56	94.66
14.	शिवगढ़	98.72	98.89	98.80	94.77	94.93	94.85
15.	गौरा	98.83	99.06	98.94	94.88	95.10	94.98
16.	रामपुर संग्रामगंढ	98.52	98.98	98.74	94.58	95.02	94.79
17.	नगर क्षेत्र	100.00	100.00	100.00	96.00	96.00	96.00
18.	बाबाबेलखरनाथ धाम	98.87	97.70	98.35	94.92	93.79	94.42
	योग	98.78	98.70	98.75	94.83	94.76	94.80

स्रोत – कार्यालयीय अभिलेख

उच्च प्राथमिक स्तर पर विशिष्ट सूचकांक

परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन :–

सारिणी – 2.11

वर्ष	नामांकन			प्रतिशत			गत वर्ष के सापेक्ष प्रतिशत वृद्धि		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
99–2000	20031	15294	35325	56.70	43.30	100	–	–	–
2000–01	20598	15448	36046	57.14	42.86	100	2.83	1.01	2.04
2001–02	21345	15817	37162	57.44	42.56	100	3.63	2.39	3.10
2002–03	23479	17715	41194	56.99	43.01	100	9.9	11.99	10.85
2003–04	28686	20579	49265	58.23	41.77	100	22.18	16.17	19.59

जनपद प्रतापगढ़ वर्ष 2000–01 से डी0पी0ई0पी0तृतीय से आच्छादित रहा है, 2002–03 से सर्व शिक्षा अभियान भी लागू हहो गया है। इस विविध कार्यक्रमों के कारण नामांकन में पर्याप्त सुधार आ चुका है। वर्ष 2002–03 में गत वर्ष के सापेक्ष 9.9 प्रतिशत बालकों के नामांकन में 11.99 प्रतिशत बालिकाओं के नामांकन में तथा 10.85 प्रतिशत कुल नामांकन में वृद्धि हुयी है। इसी प्रकार से वर्ष 2003–04 में गत वर्ष के सापेक्ष 22.18 प्रतिशत बालकों के नामांकन में, 16.17 प्रतिशत बालिकाओं के नामांकन में तथा 19.59 प्रतिशत कुल नामांकन में वृद्धि हुई है। वर्ष 2002–03 एवं 2003–04 में बालकों के नामांकन में 12.28 प्रतिशत, बालिकाओं के नामांकन में 5.32 प्रतिशत तथा 8.74 प्रतिशत कुल नामांकन में वृद्धि हुई है।

प्राथमिक विद्यालय से उच्च प्राथमिक विद्यालय में ट्रांजिशन दर––

वर्ष	कक्षा–5	कक्षा–6	ट्रांजिशन दर
99–2000	14130	10597	75 प्रतिशत
2000–01	14418	11534	80 प्रतिशत
2001–02	14865	12784	86 प्रतिशत
2002–03	15460	13451	87 प्रतिशत
2003–04	19042	16947	89 प्रतिशत

डी0पी0ई0पी0 लागू होने के पश्चात् पूर्व के वर्ष की अपेक्षा ट्रांजिशन दर में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

ड्राप आउट दर प्राथमिक स्तर

जनपद में परिषदीय विद्यालयों में कुल ड्राप आउट दर 26.0 प्रतिशत है जिनमें बालकों का ड्राप आउट दर 24 प्रतिशत एवं बालिकाओं का ड्राप आउट दर 28 प्रतिशत है। अनुसूचित जाति के बच्चों का ड्राप आउट दर 37.80 प्रतिशत है जिनमें बालकों का ड्राप आउट दर 34.7 प्रतिशत तथा बालिकाओं का ड्राप आउट दर 41.5 प्रतिशत है।

सारिणी 2.12

क्रमांक	विकास खण्ड का नाम	ड्राप आउट दर {कुल}			ड्राप आउट अनुसूचित जाति		
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
		1	2	3	4	5	6
1.	कालाकांकर	26	32	29	34	36	35
2.	बाबागंज	28	30	29	42	40	39
3.	कुण्डा	26	22	24	16	32	[illegible]
4.	बिहार	24	30	27	26	40	33
5.	सांगीपुर	24	28	26	42	48	45
6.	लालगंज	24	30	27	44	48	46
7.	लक्ष्मणपुर	19	31	25	29	41	35
8.	सण्डवा चन्द्रिका	20	24	22	34	36	35
9.	सदर	14	24	19	28	36	32
10.	मान्धाता	24	30	27	35	41	42
11.	मंगरौरा	22	26	24	34	36	35
12.	पट्टी	20	24	22	34	42	38
13.	आसपुर देवसरा	24	30	27	36	48	42
14.	शिवगढ़	24	27	27	42	56	49
15.	गौरा	26	30	31	42	48	45
16.	रा. ग्रामगढ़	32	30	31	42	46	44
17.	नगर क्षेत्र	20	24	22	34	42	38
18.	बाबा बे0न0 धाम	26	25	25	35	40	37
	योग	24	28	26	34.7	41.5	37.80

स्रोत– कार्यालयीय अभिलेख

सारिणी 2.13

शिक्षकों की उपलब्धता {परिषदीय विद्यालय} सारिणी – 5

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय

जनपद प्रतापगढ़ में कार्यरत शिक्षकों की संख्या निम्नवत है।

	सृजित	कार्यरत	रिक्त 30.9.2003	स्वीकृत शिक्षा मित्रों की संख्या	कार्यरत शिक्षा मित्र
परिषदीय प्राथमिक विद्यालय	5439	4095	1344	1964	549
परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय	1048	749	299	–	–

जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम–3 के अन्तर्गत कुछ विद्याकेन्द्र एवं शिक्षाकेन्द्र संचालित हैं इनका वर्षवार विवरण निम्नवत् है :–

सारिणी 2.14

क्र. सं.	वर्ष	स्वीकृति संख्या		संचालित संख्या	
		विद्या केन्द्र	शिक्षा केन्द्र	विद्या केन्द्र	शिक्षा केन्द्र
1	00–01	63	13	63	13
2	01–02	62	112	37	112
3	02–03	125	125	100	125
4	03–04	125	125	100	125
	योग	125	125	125	125

सारिणी 2.15

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्ध

		प्राथमिक विद्यालय					उच्च प्राथमिक विद्यालय			
क्र. सं.	नाम ब्लाक	सृजित पद	कार्यरत	रिक्त	शिक्षा मित्रों की स्वीकृत सं.	शिक्षा मित्रों की कार्यरत	सृजित पद	कार्यरत	रिक्त पद	स्वीकृत शि. मित्रों की संख
1	मानधाता	—	269	—		48	—	54	—	
2	गौरा	—	289	—		18	—	60	—	—
3	सण्डवा चन्दिका.	—	269	—		48	—	29	—	—
4	शिवगढ़	—	209	—		44	—	54	—	—
5	मगरौरा	—	222	—		48	—	63	—	—
6	कुण्डा	—	240	—		48	—	50	—	—
7	बाबागंज	—	251	—		34	—	32	—	—
8	आसपुर देवसरा	—	289	—		21	—	49	—	—
9	लक्ष्मणपुर	—	241	—		22	—	57	—	—
10	रामपुर संग्रामगढ़	—	162	—		32	—	14	—	—
11	सदर	—	334	—		5	—	80	—	—
12	बिहार	—	316	—		41	—	54	—	—
13	पट्टी	—	197	—		—	—	46	—	—
14	लालागंज	—	162	—		33	—	27	—	—
15	सांगीपुर	—	211	—		29	—	17	—	—
16	कालाकांकर	—	157	—		34	—	29	—	—
17	बाबा बेल.धाम	--	225	—		28	—	34	—	—
18	नगर क्षेत्र	--	52	—		—				—
	योग	5439	4095	1344	1964	549	1048	749	299	—

सारिणी 2.16

विकास खण्ड वार शिक्षक–छात्र अनुपात 2003–04 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय

क्र.	विकास क्षेत्र का नाम	विद्यालय की संख्या	छात्र संख्या	शिक्षक संख्या	अनुपात
1.	कालाकांकर	72	15615	157	1:99
2.	बाबागंज	94	19762	251	1:78
3.	कुण्डा	95	20493	240	1:85
4.	बिहार	103	22619	316	1:71
5.	सांगीपुर	93	16179	211	1:76
6.	लालगंज	77	13207	162	1:81
7.	लक्षमणपुर	81	16771	241	1:69
8.	सण्डवा चंद्रिका	108	17316	269	1:64
9.	सदर	99	17560	334	1:52
10.	मान्धाता	125	20658	269	1:76
11.	मंगरौरा	90	23545	222	1:106
12.	पट्टी	75	20384	197	1:103
13.	आसपुर देवसरा	106	20759	289	1:71
14.	शिवगढ़	81	18638	209	1:89
15.	गौरा	89	22198	289	1:76
16.	रामपुर संग्रामगढ़	79	13412	162	1:82
17.	नगर क्षेत्र	38	3116	52	1:59
18.	बाबाबेलखरनाथ धाम	85	10422	225	1:46
	योग	1590	312654	4095	1:76

स्रोत :– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अभिलेख

सारिणी 2.17

विकास खण्ड वार शिक्षक–छात्र अनुपात 2003–04 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय

क्र.	विकास क्षेत्र का नाम	विद्यालय की संख्या	छात्र संख्या	शिक्षक संख्या	अनुपात
1.	कालाकांकर	12	1766	29	1:61
2.	बाबागंज	11	1360	32	1:42
3.	कुण्डा	14	1563	50	1:31
4.	बिहार	19	3521	54	1:65
5.	सांगीपुर	18	1467	17	1:86
6.	लालगंज	11	1103	27	1:41
7.	रामपुर संग्रामगढ़	18	2999	57	1:53
8.	लक्ष्मणपुर	18	2909	29	1:100
9.	सण्डवा चंद्रिका	22	3194	80	1:40
10.	सदर	29	3691	54	1:68
11.	मान्धाता	21	3577	53	1:68
12.	मंगरौरा	20	3192	38	1:84
13.	पट्टी	15	4317	49	1:88
14.	आसपुर देवसरा	17	2571	37	1:69
15.	शिवगढ़	20	5488	50	1:110
16.	गौरा	13	1561	14	1:111
17.	नगर क्षेत्र	10	1804	34	1:53
18.	बाबाबेलखरनाथ धाम	19	3182	45	1:114
	योग	307	49265	749	1:66

स्रोत :– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अभिलेख

सारिणी 2.18

प्राथमिक अथवा मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता।

विवरण	1 किमी से कम दूरी पर विद्यालय उपलब्ध	1 किमी से अधिक किन्तु 1.5 किमी से कम दूरी पर विद्यालय उपलब्ध	1.5 किमी से अधिक दूरी पर विद्यालय उपलबध	प्रस्तावित प्रा0 विद्यालय/EGS
ऐसे बस्तियों की संख्या जिनकी आवादी आवादी 300 से अधिक है।	2936	2385	0	0
ऐसे ग्रामों बस्तियों की संख्या जिनकी आबादी 300 से कम है।	1559	1854	50	0

सारिणी 2.19

परिषदीय अथवा मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों की उपलब्धता

विवरण	3 किमी से कम दूरी पर विद्यालय उपलब्ध	3 किमी से अधिक विद्यालय उपलब्ध	प्रस्तावित उच्च प्रा0 विद्यालय AIE
ऐसे बस्तियों की संख्या जिनकी आवादी 800 अधिक है।	2100	0	0
ऐसे ग्रामों बस्तियों की संख्या जिनकी आवादी 800 से कम है।	6517	89	0

परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भौतिक सुविधाओं की कमी / आवश्यकता

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम तृतीय के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों हेतु नवीन विद्यालयों के भवन निर्माण जर्जर भवनों के पुनर्निमाण, अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण , पेयजल सुविधा शौचालय एवं बाउण्ड्रीवाल हेतु प्राविधान किये गये थे। उच्च प्राथमिक विद्यालय जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम से आच्छादित नहीं थे। जनपद प्रतापगढ़ में प्रथम वर्ष में उक्त योजना के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के कारण प्रथम वर्ष की संख्या को क्षेत्रों से मांग में शामिल नहीं किया गया।

"अतः कुल वांछित संख्या में से द्वितीय वर्ष के प्राविधान को घटाकर सर्व शिक्षा अभियान के लिये प्राथमिक विद्यालयों हेतु 56 नवीन विद्यालय, 10, पुनर्निर्माण 1307 अतिरिक्त कक्षा कक्ष, 78 शौचालय, वांछित है।

इसी प्रकार से उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिये सर्व शिक्षा अभियान में 90 नवीन विद्यालय, 3 पुनर्निर्माण, 128 अतिरिक्त कक्षा कक्ष, 32 शौचालय की मांग की गयी है।

सारिणी 2.20

विद्यालयों में भौतिक सुविधायें { परिषदीय विद्यालय 1.7.2003 की स्थिति}

प्राथमिक स्तर		ग्रामीण विकास खण्ड क्षेत्रवार	नगर नगर क्षेत्रवार	योग योग
1.	प्राथमिक विद्यालय भवन	1552	38	1590
2.	एक कक्षीय विद्यालयों संख्या	09	—	09
	दो कक्षीय वि. की. सं.	1306	24	1330
	तीन कक्षीय ,, ,,	191	07	198
	चार कक्षीय ,, ,,	29	02	31
	पांच कक्षीय ,, ,,	10	01	11
	5 कक्ष से अधिक वाले विद्यालय	05	01	05
	किराये के भवन	—	05	1590

3. मरम्मत योग्य विद्यालय लघु मरम्मत योग्या– 422, बृहत्त मरम्मत योग्य– 246
4. शौचालय– शौचालय युक्त विद्यालय 1512, शौचालय विहीन विद्यालय– 78 योग शौचालयों को आवश्यकता–78
5. हैण्ड पम्प– हैण्ड पम्प युक्त–1549, हैम्ड पम्प विहीन–41, योग–हैण्ड पम्प की आवश्यकता–41
6. चहार दीवारी–चहारदीवारी युक्त 425, चहारदीवारी विहीन–1165, योग– चहार दीवारी की आवश्यकता–1165

उच्च प्राथमिक स्तर

7. उच्च प्रा.वि. भवन–कुल सं.–307, भवन युक्त–273, भवन विहीन–10, जर्जर–24 (पुनर्निर्माण योग्य)
8. मरम्मत योग्य–लघु मरम्मत– 47, बृहद मरम्मत– 25
9. एक कक्षीय विद्यालय – शून्य
   दो कक्षीय विद्यालय– 14
   तीन कक्षीय– 64
   चार कक्षीय– 229
   पांच कक्षीय– शून्य
   पांच से अधिक कक्ष वाले विद्यालय– शून्य
10. शौचालय विहीन – 80
11. हैण्ड पम्प विहीन– 41
12. चहार दीवारी विहीन– 171

सारिणी 2.21

वर्तमान में भौतिक सुविधाओं की कमी / आवश्यकता

क्रमांक	विवरण	प्राथमिक			उच्च प्राथमिक		
		कमी	DPEP I / 11वें वित्त आयोग में प्रावधान जिला योजना / अन्य स्रोत	मांग DPEP के अतिरिक्त	कमी	DPEP III / 11वें वित्त आयोग में प्रावधान जिला योजना / अन्य स्रोत	मांग DPEI के अतिरिक्त
1.	नवीन विद्यालय	—	—	—	—	—	—
2.	विद्यालय पुनर्निर्माण	10	—	—	10	—	10
3.	अतिरिक्त कक्षा कक्ष	1307	—	—	1307	—	128
	(प्रति शिक्षक / प्रति						
	कक्षा कक्ष एवं नामांकन	0			0		
	में वृद्धि के आधार पर)	0			0		
4.	पेयजल सुविधा	—	—	—	41	—	41
5.	शौचालय	78	—	—	78	—	32
6.	चहार दिवारी	—	—	—	—	—	—

स्रोत:-विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अभिलेख

अध्याय– तीन

नियोजन प्रक्रिया

संविधान की धारा 45 में हमारे संविधानविदों ने एक सपना संजोया था कि समस्त 6से 14 वय वर्ग तक के बच्चों के लिये निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था शासन द्वारा की जायेगी। इस सम्बन्ध में डी.पी.ई.पी. के तहत समस्त 6–11 वय वर्ग के बालक/ बालिकाओं को निःशुल्क एवं गुणवत्तापरक शिक्षा देने के प्रयास किये जा रहे हैं।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत 11–14 वय वर्ग के समस्त बालक/बालिकाओं को भी निःशुल्क, अनिवार्य एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जाने के प्रयास किये जायेंगे।

उपर्युक्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु शिक्षक अभिभावक एवं जागरूक नागरिकों का सहयोग प्राप्त कर सभी 6 से 14 वय वर्ग के बच्चों को विद्यालय लाना है।

नियोजन प्रक्रिया में हमें पंचायत राज संस्थाओं को भी सहभागी बनाना होगा तथा सबसे निचले स्तर पर संस्थाओं का भी सहयोग लेना होगा।

ग्राम स्तर पर नियोजन

इस स्तर पर हमने ग्राम तथा वस्ती के प्रत्येक परिवार के 6 से 14 वय वर्ग के बालक तथा बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति का आकलन किया। इस स्तर के नियोजन में निम्न तथ्यों पर विचार विमर्श किया गया।

1 6–14 वय वर्ग के कुल बालक/ बालिकाओं की संख्या।

2 विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या।

3 विद्यालय न जाने वाले बच्चो की सख्या।

4 विद्यालय न जाने का कारण।

5 क्या गांव में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र है, यदि नहीं तो क्या मानक के अनुसार विद्यालय खोले जाने की आश्यकता है।

6 यदि प्रा. वि. है तो क्या उसके पास भवन या भौतिक संसाधन उपलब्ध है। यदि नहीं तो इसके सुधार के लिये ग्राम वासियों के क्या सुझाव हैं।

7 यदि ग्राम में मानक के अनुसार नवीन विद्यालय खोला जाना सम्भव नही है तो ग्रामवासी शिक्षा की क्या व्यवस्था प्रस्तावित करते हैं।

8 क्या विद्यालय में अध्यापकों की तैनाती छात्र संख्या 40:1 के अनुसार है।

9 क्या विद्यालय में अध्यापक नियमित रूप से आते हैं।

10 शिक्षण कार्य की स्थिति/शिक्षा की गुणवत्ता के विषय में ग्राम वासियों से विचार। उपर्युक्त विचार विमर्श के पश्चात ग्राम के उत्साही नवयुवकों, बुद्धिजीवियों तथा शिक्षकों द्वारा मिल जुल कर उक्त ग्राम शिक्षा योजना के निर्माण में निम्न सूचनाएं प्रयुक्त हुई।

1 बस्ती/ मजरे की पूर्ण संख्या।

2 विभिन्न आयु वर्ग की जनसंख्या।

3 लिंगवार जन संख्या।

4 स्कूल जाने वाले/ न जाने वाले बच्चों की संख्या।

5 बाल श्रमिकों के विषय में जानकारी।

6 विकलांग बच्चों के विषय में जानकारी।

7 बालिका शिक्षा की स्थिति।

स्कूल चलो अभियान –

शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से हाउस होल्ड सर्वेक्षण में चिन्हित स्कूल न जाने वाले बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन हेतु शासन के निर्देशानुसार जुलाई 2003 में "स्कूल चलो अभियान" चलाया गया जिसमें जनपद के नामांकन का दर 5 प्रतिशत बढ़ गया। इस अभियान के अन्तर्गत किये गये विविध कार्यक्रमों में अन्य विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों, स्वैच्छिक संगठनों के पदाधिकारियों/सदस्यों, ग्राम/विकास खंड/विधान सभा क्षेत्र/संसदीय

स्तरीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त किया गया।

इस अभियान के अन्तर्गत 30–6–2003 को विकास भवन के सभागार में उपर्युक्त समस्त प्रकार के लोगों की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत कराये जाने वाले समस्त कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। इसी दिन विकास भवन के सभागार में ही पत्रकार वार्ता जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत किये गये कार्यक्रम निम्नवत् रहे –

1. ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा 6–11 वय वयवर्ग के स्कूल न जाने वाले एवं ड्राप आउट बालक/बालिकाओं एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन।
2. ग्राम स्तरीय, विकास खण्ड स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन
3. विकास खण्ड स्तर पर कार्यक्रमों के संचालनार्थ सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में दायित्व निर्धारण।
4. कक्षा 1 – 5 तक 6–11 आयु वर्ग के चिन्हित बच्चों का नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश।
5. विद्यालयों में प्रविष्ट छात्रों को निःशुल्क पाठ्य–पुस्तक वितरण।
6. स्कूल चलो अभियान की समीक्षा।

सारिणी 3.1

स्कूल चलों अभियान के अन्तर्गत नामांकन

जनपद	6–11 वय वर्ग के बच्चों की संख्या			6–11 वय वर्ग के स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या			स्कूल चलो अभियान से पूर्व नामांकन			30.7.2003 तक नामांकन		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
प्रतापगढ़	217573	193548	411126	5127	4971	10098	206739	181391	388190	212451	188577	401028

स्रोत – विभागीय आंकड़े

स्कूल चलो अभियान के लाभों को देखते हुए इसे सर्व शिक्षा अभियान में भी जारी रखा जायेगा।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत परिवार सर्वेक्षण –

सर्व शिक्षा अभियान के नियोजन करते समय जनपद के प्रत्येक परिवार का सर्वेक्षण कराया गया जिससे स्कूल जाने वाले, एवं स्कूल न जाने वाले 6–11 वयवर्ग एवं 11–14 वयवर्ग के बच्चों की संख्या एकत्रित की गई। इस कार्य के परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों को मुख्य रूप से लगाया गया तथा ग्राम शिक्षा समितियों का सहयोग भी प्राप्त किया गया। पहली बार स्कूल न जाने वाले बच्चों के स्कूल न जाने के चार महत्वपूर्ण कारणों की पहचान की गयी तथा 6–14 वय वर्ग के बच्चें का इन चार वर्गों में विभाजन भी किया गया है। ये चार कारण निम्नवत् हैं–

(1) अपने घरेलू कार्यों में लगे रहना।

(2) मजदूरी में लगे रहना।

(3) छोटे भाई–बहनों की देखभाल।

(4) विद्यालय की अनुपलब्धता।

(5) अन्य कारण

उपर्युक्त कारणों से विद्यालय न जाने वाले बच्चों का विवरण निम्नवत् हैं–

सारिणी संख्या 3.3

क्र.	कारण	5+ से 6+		7 से 10+		11 से 14		योग		
		बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	योग
1.	अपने घर के कार्यों में लगे रहना	4264	4049	863	922	1458	1301	6585	6272	12857
2.	मजदूरी में लगे रहना	–	–	–	–	–	–	–	–	–
3.	भाई–बहनों की देखभाल	–	–	–	–	–	–	–	–	–
4.	विद्यालय दूर होने के कारण	–	–	–	–	–	–	–	–	–
5.	अन्य कारण	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	योग	4264	4049	863	922	1458	1301	6585	6272	12857

क्र. सं.	ब्लाक का नाम	6–11 वय वर्ग के बच्चे									11–14 वय वर्ग के बच्चे								
		कुल बच्चों की संख्या			विद्यालय जाने बच्चे			विद्यालय न जाने वाले बच्चे			कुल बच्चों की संख्या			विद्यालय न जाने बच्चे			विद्यालय न जाने वाले बच्चे		
1	कालाकांकर	103617	8685	19052	10166	8434	18600	201	251	452	5652	4918	10570	5562	4803	10455	90	115	205
2	बाबागंज	12451	11333	23784	12031	10936	22967	420	397	817	6004	5683	11687	5989	5486	11475	105	107	212
3	कुण्डा	17016	15473	32489	16618	15162	31780	398	311	709	8428	6798	15226	8339	6763	15102	89	35	124
4	लक्ष्मणपुर	10295	9524	19819	9950	9224	19174	415	300	715	6122	4772	10886	6055	4707	10762	67	56	123
1.	सांगीपुर	12432	11014	23446	12104	10738	22842	328	276	604	6503	5877	12380	6388	5773	12161	115	104	219
2.	लालगंज	9545	8502	18047	9322	8254	17576	223	248	471	5313	4842	10156	5268	4805	10073	45	37	82
3.	रामपुर संग्रामगढ़	10363	9128	19491	10156	8700	18016	207	368	575	6651	4100	10751	6488	3973	10461	163	127	290
4.	सण्डवा चंद्रिका	13236	10344	23580	12798	9961	22740	438	393	831	5750	5303	11052	5705	5221	10926	54	82	136
5.	बिहार	12632	12607	26239	13315	12307	25622	317	300	617	8018	5739	13757	7909	5650	13559	109	89	198
6.	सदर	13683	11820	25503	13371	11634	24006	312	196	508	7018	6208	13226	6971	6165	13136	47	43	90
7.	मानधाता	14116	13246	23362	13677	12886	26563	439	360	799	7197	6796	13993	7178	6729	13857	69	67	136
8.	मंगरौरा	15188	14093	29281	14928	13880	28808	260	213	473	8430	5937	14367	8339	5872	14208	94	65	159
9.	पट्टी	13562	11750	25312	13249	11450	24699	313	300	613	5978	4768	10746	5800	4716	10507	78	72	150
10	आसपुर देवसरा	12794	11796	24590	12668	11686	24384	106	100	206	6662	6199	12861	6567	6130	12697	85	69	154
11	शिवगढ़	13026	11776	24802	12806	11548	24354	220	228	448	6748	6191	12939	6669	6133	12802	79	58	137
12	गौरा	13029	11711	24740	12357	11432	24109	262	279	541	6957	6580	13537	6854	6513	13367	103	67	170
13	बाबाबेलखरनाथधाम	7435	5817	13252	7315	5565	12880	120	252	372	5966	4686	10654	5863	3964	9827	2	725	727
14	नगर क्षेत्र	5408	4929	10337	5200	4730	9930	120	252	372	6239	5375	11614	6173	5267	11440	66	108	174
	योग	217578	193548	411126	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	217541	1458	1301	2759

सर्व शिक्षा अभियान हेतु नियोजन

इस दिशा में निम्नांकित प्रयास किये गये।

1 नियोजन टीम का गठन।

2 ग्राम स्तर पर बैठकें।

3 विकास क्षेत्र स्तर पर बैठक।

4 जिला स्तर पर बैठक तथा विभिन्न विभागों से समन्वय/सम्पर्क।

5 F.G.D. (Fouce Group Diseusson) टीम का गठन एवं विचार विमर्श।

1. नियोजन की टीम का गठन

जनपद सर्वप्रथम इस अभियान को पूर्ण रूप देने के लिये 10 सदस्यीय नियोज टीम का गठन किया गया। जिसमें चार जिला समन्वयक, एक सहायक बेसिक शि अधिकारी, 3 पति उपविद्यालय निरीक्षक, उप बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा एक जि बेसिक शिक्षा अधिकारी शामिल हैं।

2. ग्राम स्तर पर बैठक

ग्राम स्तर पर उक्त नियोजन टीम द्वारा बैठक की गयी, जिसमें जन समुद को सर्वशिक्षा अभियान के उद्देश्य एवं महत्वपूण विन्दुओं पर बताया गया। यह चर्चा की गयी कि जनसमुदाय इसमें किस प्रकार से सहयोग कर सकता बैठक में ग्राम प्रधान, ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों, अभिभावकों, बी.डी.सी. सद तथा शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इन व्यक्तियों का सहयोग सर्व शि अभियान के उद्देश्य को जन सामान्य तक पहुंचाने हेतु किया जा रहा है।

3. विकास क्षेत्र स्तर पर बैठक

इस स्तर पर विकास खण्ड अधिकारी, ब्लाक प्रमख, जिला पंचायत सदस्य. डी. सी. सदस्य, ग्राम प्रधानों, शिक्षक समुदाय, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रति उप विद्यालय निरीक्षक समन्वयक बी. आर. सी. एन. पी. आर. सी. ने प्रति

किया। प्रतिभाग किये गये लोगों द्वारा सर्वशिक्षा अभियान के उद्देश्यों तथा महत्व पर विचार विमर्श किया गया।

4 F.G.D. (Focus Group Diseusson) टीम का गठन एवं विचार विमर्श।

परियोजना पूर्व की गतिविधियों के रूप में जिले में विभिन्न ग्राम स्तर पर बैठकें की गयी जिसमें क्षेत्रीय सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/ प्रति उपविद्यालय निरीक्षक, वी. आर. सी. एन. पी. आर. सी. प्राथमिक, पूर्व मा. विद्यालयों के अध्यापक, स्वयं सेवी संगठनों के प्रति निधियों एवं उपस्थित नागरिकों का पूर्ण सहयोग मिला।

ग्राम स्तर पर हुई उक्त बैठकों से सर्व शिक्षा अभियान के प्रति जन समुदाय की अपेक्षाओं को जानने में मदद मिली और ग्राम पंचायत के सदस्यों को भी उक्त अभियान में अपनी भूमिका स्पष्ट हुई।

नियोजन में जनसमुदाय की सहभागिता हेतु हुई F.G.D. का विवरण निम्नव
है।

सारणी 3.3

तिथि	स्थल	प्रतिभागी का विवरण	बैठक/ विचार विमर्श में जो डिन्दु उभरे उनका संक्षिप्त विवरण
1	2	3	4
21–11–2001	प्रा. वि. जन्तू वि. क्षे. सण्डवा चन्द्रिका	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी–1 , क्षेत्रीय सहायक बे0 शि0 अधिकारी प्रति उ0 वि0 नि0, बी. आर. सी. समन्वयक एवं समन्वयक, क्षेत्र पंचायत सदस्य, अध्यापक दल, ग्राम प्रधान तथा स्थानीय नागरिक।	1. सर्व शिक्षा अभियान में 1:40 अनुसार अध्यापकों/ शिक्षा मित्रों पूर्ति। 2. बालिकाओं विशेषकर किशोर 11 से 14 वय वर्ग को पहुंच सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध 3. स्कूल त्यागी बच्चों को विद्यालयों में नामांकन 4. सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य एवं लागू करने के तरीके पर विचार विमर्श। 5. 6–14 वय वर्ग के बच्चों को चिन्हि कर विद्यालय में नामांकित किया
23–11–2001	ग्रा0 वि0 मन्धाता वि. क्षे. मन्धाता	जि0 बे0 शिक्षा अधिकारी, क्षे0 सहायक बे0 शि0 अधिकारी, प्रति उ0वि0 निरीक्षक, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख, समन्वयक–14, ग्राम प्रधान, जेला पंचायत सदस्य, बी.डी.सी सदस्य	1. विद्यालय में बच्चों के ठहराव सम्बन्ध में। 2. असेवित बस्ती जहां मानक अनुसार विद्यालय नहीं खोले जा सक वहां शिक्षा केन्द्र खोलने के सम्ब में। 3. 40:1 के अनुपात में शिक्षक/ शि मित्र की उपलब्धता। 4. निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण परिधि में पूर्व मा0 दि0 के छात्रों भी शामिल करने पर विचार विमर्श

1	2	3	4
24--11--01	प्रा. वि. काशीपुर वि. क्षे. संग्रामगढ़	उप बे0 शि0 अधि0, सहायक बे0 शि0 अधि0 प्र0 उ0 वि0 नि0, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, बी.डी.सी. सदस्य।	1.अल्प संख्यक समुदाय के बालक बालिकाओं को भी शिक्षा की मुख्य धारा में लाने की रणनीति, ऐसे समुदाय के बालक/बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने का प्रयास करना जो घुमन्तु जातियों के हैं।
25--11--01	प्रा. वि. सांगीपुर	उप बे0 शि0 अधि0, सहायक बे0 शि0 अधि0 प्र0 उ0 वि0 नि0, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, बी. डी.सी. सदस्य।	1. असेवित बस्तियों में विद्यालय की आवश्यकता पर विचार विमर्श 2. विद्यालय भवनों तथा उनमें भौतिक संसाधनों की पूर्ति पर विचार विमर्श। 3. अनुसूचित जाति, गरीब वर्ग के बच्चों व बालिकाओं की शिक्षा पर विचार। 4. अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागृत करना तथा स्कूल त्यागी बच्चों को पुनः विद्यालय में नामांकन।
26--11--01	प्रा. वि. माधोगंज (नगर)	जि0 बे0 शि0 अधि0 शिक्षा अधीक्षक, उप बे0 शि0 अधि0 सभासद, नगर अध्यक्ष, अध्यापक	1. सभी विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के लिये अतिरिक्त कक्ष बनाने पर विचार विमर्श। 2. 6--14 वय वर्ग के सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से विद्यालय में प्रवेश कराने का सुझाव।

1	2	3	4
27–11–01	प्रा. वि. बहोरिकपुर वि0 क्षे0 बाबागंज	खण्ड वि0 अधि0, ब्लाक प्रमुख, सहा0 बे0 शि0 अधि0 प्रति0 उ0 वि0 नि0 , ब्लाक समन्वयक, स्वयं सेवी संस्थान की अध्यक्षता सुश्री उर्मिला यादव।	1. अल्प संख्यक, एवं अनु0 जा बाहुल्य ग्रामों में प्राथमिक विद्याल की स्थापना। 2. छात्र संख्या के अनुस अध्यापक / शिक्षा मित्र की पूर्ति 40 के अनुपात में की जाय। 3. अधिक छात्र संख्या वाले विद्या में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण।
28 –11–01	प्रा. वि. छाछामऊ वि0 क्षे0 कालाकांकर	खण्ड विकास अधि0 ब्लाक प्रमुख, सहा0 बेसिक शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, शिक्षक समुदाय, अल्प संख्यक समुदाय, अनु जाति समुदाय।	1. ग्राम प्रधानों ने बालिका शिक्षा बढ़ावा देने हेतु अध्यापिकाओ की किया। 2.अल्प संख्यक समुदाय के बाल बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष दिया गया।
1–11–01	कार्यालय सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मणपुर	सहायक बे0 शि0 अधिकारी, बी. आर.सी. समन्वयक, एन. पी. आर. सी. समन्वयक, अध्यापक गण,, ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख	1. सर्व शिक्षा अभियान में 1:4 अनुपात में शिक्षक / शिक्षा मित्र नियुक्ति। 2. पूर्व मा0 वि0 में एक अनुभा 1.5 अध्यापक के अनुसार प दिया गया। 3. मकतब / मदरसों के छात्राओं को भी शिक्षा की मुख में लाने के तरीकों पर विचार।

1	2	3	4
28–11–01	क्षेत्र समिति पट्टी	ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, सांसद, विधायक, ग्राम प्रधान, बी. डी. सी. सदस्य, शिक्षक समुदाय	1. बच्चों के बैठने के लिये टाट–पट्टी की व्यवस्था। 2. अध्यापकों की कमी की पूर्ति एवं बैठने के लिये कुर्सी की व्यवस्था। 3. विकलांग शिक्षा एवं बालिका शिक्षा पर विचार विमर्श।
22–11–01	ब्लाक संसाधन केन्द्र कुण्डा	खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख, सनन्वयक, एन. पी. आर. सी. सनन्वयक, ग्राम प्रधान, बी.डी.सी. सदस्य, शिक्षक समुदाय।	1. पूर्व माध्यमिक विद्यालयों अध्ययनरत छात्रों को भी निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण पर विचार विमर्श। 2. विकलांग बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाय। 3. पूर्व मा. वि. में भी अनुभाग अनुसार एक अनुभाग पर अध्यापक की नियुक्ति पर विचार विमर्श।

सारिणी 3.4

जनपद स्तर पर नियोजन हेतु बैठक

तिथि	स्थल	प्रतिभागी का विवरण	बैठक / विचार विमर्श में जो [illegible] उभरे उनका संक्षिप्ति विवरण
1	2	3	4
09–11–2001	शिविर कार्यालय जिलाधिकारी प्रतापगढ़	जिलाधिकारी, मुख्य विकासक अधिकारी एवं डी. पी. ई. पी. के अधिकारियों के साथ।	1. सर्व शिक्षा अभियान के विषय चर्चा की गयी तथा पर्सपेक्टिव [illegible] बनाने हेतु रणनीति तय की गयी। [illegible] भी निर्णय लिया गया कि जनपद में [illegible] योजना का ग्राम स्तर तक प्रचार--प्र[illegible] कियका जाय।
12–11–2001	" " "	उप बेसिक शिक्षा अधिकारी सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रति उप विद्यालय निरीक्षकों के साथ।	सर्व शिक्षा अभियान के वि[illegible] में जानकारी दी गयी, पर्स पे[illegible] प्लान बनाने हेतु आधारभूत सूचना[illegible] का प्रपत्र वितरित करते हुये [illegible] भरने का विधिवत् प्रशिक्षण दिया ग[illegible] सूचनाएं 23–11–2001 की बैठक [illegible] लाने को कहा गया प्रचार प्रसार [illegible] न्याय पंचायत स्तर पर पूरे जनपद [illegible] एक साथ दिया गया
23–11–2001	" " "	" " "	सर्व शिक्षा अभियान [illegible] सम्बन्धित सूचनाओं के निर्माण म[illegible] संदेह के विन्दु उभरे हैं उन[illegible] निराकरण किया गया

.......P. T. O.......................

तिथि	स्थल	प्रतिभागी का विवरण	बैठक / विचार विमर्श में जो बिन्दु उभरे उनका संक्षिप्ति विवरण
1	2	3	4
28–11–2001	शिविर कार्यालय जिलाधिकारी प्रतापगढ़	बी. आर. सी. एन. पी. आर. सी. एवं जन प्रतिनिधियों के साथ।	सर्व शिक्षा अभियान के विषय में जानकारी दी गयी। पर्सपेक्टिव प्लान के निर्माण एवं प्रचार – प्रसार हेतु सहयोग का आह्वान किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त एन. पी. आर. सी. समन्वयक ग्राम पंचायत एवं न्याय पंचायत स्तर पर बैठकें कर प्रचार करते रहें।
4–12–2001	सभाकक्ष, कार्यालय विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी	ए.डी. बेसिक. सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक, उप बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ।	मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक द्वारा सर्वशिक्षा अभियान के पर्सपेक्टिव प्लान के निर्माण में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उनके द्वारा प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। डी. पी. ई. पी. के अनुभवों के आधार पर उनके द्वारा मार्गदर्शन किया गया।
11–12–2001	,, ,, ,,	बी. आर. सी. / एन. पी. आर. सी. के समन्वयकों के साथ।	शिक्षा गारण्टी योजना, वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचार के विषय में विस्तार से चर्चा की गयी। वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र, विज कोर्स एवं ई. जी. एस के लिए स्थल चयन हेतु बस्तियों का सूची करण का कार्य किया गया।
12–12–2001	विभास भवन सभागार	जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी बी. एल. पी. से जुड़े स्वैच्छिक संगठनों के पदाधिकारी सचिव, वी. एल. पी. आदि के साथ।	सर्वसम्बन्धित को सर्वशिक्षा अभियान की जानकारी दी गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि पर्सपेक्टिव प्लान में डी. डी. ओ. बी. डी. ओ. एवं सभी पी. एल. पी. का सहयोग लिया जाय।

तिथि	स्थल	प्रतिभागी का विवरण	बैठक/ विचार विमर्श में जो बिन्दु उभरे उनका संक्षिप्ति विवरण
1	2	3	4
13–12–2001	सभाकक्ष कार्यालय विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी	उप बेसिक शिक्षा अधिकारी सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रति उप विद्यालय निरीक्षक के साथ।	सर्व शिक्षा अभियान के पर्सपेक्टिव प्लान को अन्तिम रूप दिया गया।
15–12–2001	सभाकक्ष कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी	डी. डी. ओ., बी. डी. ओ. सचिव, पी. एल. पी. एन. जी. ओ. एस. के प्रतिनिधि पत्रकार आदि।	सर्व शिक्षा अभियान के सम्बन्ध में बनाये गये पर्सपेक्टिव प्लान के प्राविधानों की जानकारी देते हुये उस पर आम सहमति प्राप्त की गयी।

सर्व शिक्षा अभियान के नियोजन हेतु की गयी बैठकों का विवरण

सारिणी सं. 3.5

क्र.	विकास खण्ड का नाम	दिनांक	09/11	10/11	12/11	13/11	14/11	15/11	16/11	17/11	18/11	19/11	20/11	21/11	22/11	23/11	24/11	25/11	26/11	27/11	28/11	29/11	30/11	01/12	02/12	03/12	04/12	05/12	06/12	07/12	08/12	09/12	10/12	11/12	12/12	13/12	14/12
1	कालाकांकर							✓													✓																
2	बाबागंज							✓												✓																	
3	कुण्डा							✓							✓																						
4	बिहार							✓																													
5	सांगीपुर							✓									✓																				
6	लालगंज							✓																													
7	लक्ष्मणपुर							✓						✓																							
8	सण्डवा चन्द्रिका							✓						✓																							
9	सदर							✓																													
10	मान्धाता							✓								✓																					
11	मंगरौरा							✓																													
12	पट्टी							✓													✓																
13	आसपुर देवसरा							✓																													
14	शिवगढ							✓																													
15	गौरा							✓																													
16	रामपुर संग्रामगढ़							✓									✓																				
17	नगर क्षेत्र																	✓																			
13	[illegible]	✓			✓											✓					✓						✓							✓	✓	✓	

प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में एजेन्सी/विभागों से समन्वय व सहयोग

प्रारम्भिक शिक्षा के विकास व उन्नयन हेतु निम्नांकित विभागों से सुनियोजित ढंग से सहयोग प्राप्त किया जाता है।

स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वयः–

स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वयक स्थापित करके प्रत्येक वर्ष परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र – छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा, जिसमें चिन्हित रोगी छात्र छात्राओं के उपचार हेतु उनके अभिभावकों को कराया जा सके तथा स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। स्वास्थ्य कार्ड व स्वास्थ्य परीक्षण सम्बन्धी रजिस्टर का रखरखाव विद्यालय स्तर पर किया जाये।

विकलांग कल्याण विभाग से से समन्वयः–

विकलांग कल्याण विभाग के सहयोग से विकलांग छात्र/ छात्राओं को उपकरण/ उपस्कर {ट्रायसाइकिल, बैसाखी, कृत्रिम अंग, चश्मा, छड़ी इत्यादि} उपलब्ध करने हेतु सहयोग प्राप्त किया जाये। चिहिन्त विकलांग बच्चों को उपकरण यंत्र चिकित्सक परामर्श पर शासन द्वारा विकलांगों की सहायतार्थ उपकरणों/यंत्रों के वितरण में प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को प्राथमिकता दी जाये।

एन0 आई0 सी0 से समन्वय :–

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के जनपदीय कार्यालय से विभिन्न विभागों से सम्बन्धित सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं तथा उनका जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम –3 के विभिन्न कार्यक्रमों में उपयोग किया जा रहा है। जैसे– ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण से सम्बन्धित कार्ययोजना आदि। इसके अतिरिक्त जनपद के पर्सपेक्टिव प्लान बनाने में भी समन्वयक स्थापित किया गया तथा सर्वशिक्षा अभियान के पर्सपेक्टिव पलान बनाने में भी उनसे प्राप्त सूचनाओं का प्रयोग किया जा रहा है।

आई0 सी0 डी0 एस0 के साथ समन्वय :–

जिला कार्यक्रम अधिकारी व समन्वयक बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य कर्मी, एन. जी. ओ. आदि को सम्मिलित कर जिला संदर्भ समूह तथा विकास खण्ड सन्दर्भ समूह का गठन

किया जाता है और आई. सी. डी. एस. के साथ समन्वय स्थापित करके उनके आंगन बाड़ी केन्द्रों को डी. पी. ई. पी. योजनान्तर्गत संचालित किया जाता है आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय परिषदीय विद्यालयों के समय के अनुसार निर्धारित किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना विद्यालय प्रांगण अथवा उनके निकट की जाती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के शिक्षण सहायक सामग्री उपलब्ध करायी जाती है। केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रशिक्षण क्षमता का विकास किया जाता है इन केन्द्रों को ई. सी. सी.ई. केन्द्र कहा जाता है।

समाज कलयाण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से समन्वयः—

समाज कल्याण एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के सहयोग से प्राथमिक विद्यालयों व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सभी अनु0 जाति के छात्रों छात्राओं को एवं अति पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु प्राथमिक विद्यालयों में 300/— उच्च प्राथमिक विद्यालय में 480/— प्रति छात्र की दर से प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

अल्प संख्यक कल्याण विभाग से समन्वयः—

प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के समस्त अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को क्रमशः 300/— व 480/ की दर से प्रति वर्ष छात्र वृत्ति दी जाती है जिससे छात्र/ छात्राओं को गणवेश एवं आवश्यक पठन सामग्री उपलब्ध हो सके।

ग्राम पंचायतों से समन्वयः—

असेवित क्षेत्रों में नवीन विद्यालयों की स्थापना हेतु ग्राम पंचायत के सहयोग से ग्राम पंचायत भूमि प्रबन्ध समितियों द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाती है, जहां पर विद्यालयों का निर्माण कर संचालित किया जाता है।

ग्राम प्रधान ग्राम शिक्षा समिति का अध्यक्ष होता है। समस्त बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराना एवं शिक्षा योजना को सफल बनाने हेतु सहयोग देना ग्राम प्रधान का प्रमुख दायित्व है। ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण, ग्राम शिक्षा योजना का निर्माण,

माइक्रोप्लानिंग, शिक्षा मित्रों का चयन, वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों, आचार्यों की नियुक्ति, ई. सी. सी. केन्द्रों के संचालन में ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका निभाई जा रही है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से समन्वयः—

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सहयोग से प्रत्येक परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 80 प्रतिशत मासिक उपस्थिति वाले प्रत्येक छात्र छात्राओं को 3 किलो ग्राम प्रति छात्र की दर से पोषाहार योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरित कराया जाता है। इस योजना से विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव में सकारात्मक वृद्धि होती है जिससे शिक्षा का प्रतिशत में वृद्धि होती है।

उत्तर प्रदेश जल निगम/यू0पी0 एग्रो से समन्वयः—

उपरोक्त दोनों विभागों के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र छात्राओं के लिये पेयजल सुविधा उपलबध कराने हेतु हेण्डपम्पों की स्थापना की जाती हैं तथा जो हैण्ड पम्प खराब हो जाते हैं उनकी समय समय पर मरम्त भी करते हैं।

जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग से समन्वयः—

शिक्षा के उन्नयन हेतु जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डी. आर. डी. ए.) के सहयोग से विद्यालय भवन के निर्माण हेतु 40 प्रतिशत धनराशि शिक्षा विभाग द्वारा तथा शेष 60 प्रतिशत धनराशि ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त कर विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जता है जिससे अधिक से अधिक विद्यालयों को आच्छादित किया जा सके।

युवा कल्याण विभाग से समन्वयः—

युवा कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर छात्रों की क्रीडा प्रतियोगिता करायी जाती है ताकि छात्र छात्राओं में खेल भावना का विकास हो सके। नेहरू युवा केन्द्रों तथा युवक मंगल दल के कार्यकर्ताओं के सहयोग से छात्र नामांकन में वृद्धि हेतु कार्यक्रम चलाये जाते हैं शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम शिक्षा समितियों व स्थानीय जनसमुदाय की सामुदायिक सहभागिता विकसित की जाती है।

खेलकूद विभाग से समन्वयः--

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये पाठ्यक्रम में पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप के रूप में खेलकूद को शामिल किया गया है। इसके अन्तर्गत विद्यालय स्तर से लेकर जनपद स्तर एवं उसके बाद मण्डल स्तर एवं राज्य स्तर पर खेल कूद प्रतियोगितायें आयोजित की जाती है। जो क्रीडा विभाग से समन्वय के अभाव में असम्भव होती। इस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षकों का पूरा सहयोग प्राप्त होता है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उपरोक्त सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर समुचित सहयोग प्राप्त किया जायेगा। उपर्युक्त विभागों के साथ पूर्व से ही कन्वर्जेन्स स्थापित है जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

अध्याय– चार

सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य एवं लक्ष्यः–

सभी के लिये शिक्षा विषय पर सेनेगल के डकार नामकार स्थान में अप्रैल 2000 में एक बेठक हुई जिसमें एन. ई. एफ. के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक में शिक्षा को मौलिक मानव अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया। डकार सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने सन 2015 तक निम्नलिखित लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त किया :–

1– अपवंचित वर्ग के बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा प्रदान करने हेतु सुविधाओं का विस्तार।

2– विशेष रूप से अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों एवं विपरीत परिस्थितियों में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं को 2015 तक उत्तम गुणवत्ता की निःशुल्क एवं पूर्ण शिक्षा प्रदान करना। इनमें बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान अपेक्षित होगा।

3– युवा एवं प्रौढ़ व्यक्तियों को सन् 2015 तक जीवनोपयोगी एवं उचित अधिगम हेतु योजनाएं बनाना।

4– सन् 2015 तक कम से कम 50 प्रतिशत साक्षरता वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करना जिसमें बेसिक एवं सतत शिक्षा के माध्यम से युवाओं एवं प्रौढ़ों को शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की जाय।

5– सन् 2015 तक प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में लिंगानुपात में अन्तर को समाप्त किया जाना जिसमें बालिकाओं के उत्तम गुणवत्ता की प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य को ध्यान में रखा जाय।

6– सन् 2015 तक शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना तथा साक्षरता गणितीय एवं जीवनोपयोगी शिक्षा को प्राप्त करना तथा सबके द्वारा शिक्षा की ऐसी व्यवस्था स्थापित करना जिसका स्वयं परिचय एवं गायन हो।

उक्त लक्ष्यों को ' डकार गोल' के नाम से अभिहित किया गया। डकार गोल को सन् 2015 तक प्राप्त करने का निर्णय किया गया था जब कि भारत में ' सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन लक्ष्यों को 2010 तक प्राप्त करने का संकल्प व्यक्त किया गया है।

इसके अन्तर्गत भारत सरकार ने 6–14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके अन्तर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 में सबको शिक्षा प्रदान करने हेतु नीति निर्धारित की गयी है। शिक्षा के सार्वभौमीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अन्तर्गत विविध कार्यक्रम पूरे देश में लागू किये जा रहे हैं। समस्त उद्देश्य के पूर्ति के लिये पूरे देश में एक स्पष्ट और समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

राष्ट्रीय स्तर पर सर्वशिक्षा अभियान लागू करने की शासन द्वारा एक परिकल्पना की गयी है जिसका उद्देश्य निम्न लिखित है।

उद्देश्यः–

राष्ट्रीय स्तर पर सर्वशिक्षा अभियान के निम्न लिखित उद्देश्य निर्धारित किये हैं।

1– 2003 तक सभी बच्चों को शिक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत खुले केन्द्रों, वैकल्पिक विद्यालय में छात्रों का नामांकन।

2– 2007 तक कक्षा 5 तक की शिक्षा सभी बच्चे पूरी करें।

3– 2010 तक सभी बच्चे कक्षा 8 तक शिक्षा पूरी करें।

4– नामांकित सभी बच्चों को संतोषजनक एवं गुणवत्तापरक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना।

5– प्राथमिक स्तर पर 2007 तक सामाजिक विषमताओं को तथा जेण्डर {लिंग} भेद को समाप्त करना।

6– 2010 तक शत् प्रतिशत सबको शिक्षित करना सुनिश्चित किया जाना।

सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यः—

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा एक से कक्षा आठ तक शिक्षा के सार्वजनीकरण हेतु मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्तर पर निम्न लिखित लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

1— सन् 2003 तक सभी बच्चों को प्राथमिक विद्यालय शिक्षा गारण्टी केन्द्र वैकल्पिक विद्या केन्द्र बैक टू स्कूल शिविर { वापस स्कूल चलो कैम्प} आदि में शत् प्रतिशत नामांकन कराना।

2— सन् 2007 तक समस्त नामांकित बच्चों को कक्षा पांच तक की शिक्षा पूर्ण कर लेना।

3— सन् 2010 तक सभी बच्चों को कक्षा 8 तक की प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करना।

4— गुणवत्ता परक प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना।

5— समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य तथा बालक बालिका में सन् 2007 तक प्राथमिक स्तर पर भेद—भाव समापत करना।

6— सन् 2010 तक उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन ठहराव तथा सम्प्राप्ति में अन्तर समाप्त करना।

7— सन् 2010 तक सार्वभौमिक ठहराव।

उपुर्यक्त राष्ट्रीय लक्ष्यों को अंगीकार करते हुये जनपद प्रतापगढ़ के लिये विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो निम्नवत है।

नामांकन के लक्ष्यः—

वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर जनपद की जनगणना की वार्षिक वृद्धि 2.2 प्रतिशत है जबकि सन् 1991 की जनगणना में यह दर 2.0 प्रतिशत थी। इस वार्षिक वृद्धि दर में वर्ष 2002 से 2010 तक प्रत्येक वर्ष की अपेक्षित कुल जनसंख्या प्रक्षेपित की गयी है।

सारिणी 4.1

प्राथमिक स्तर पर नामांकन के लक्ष्य

वर्ष	6–11 वय वर्ग के बच्चों की संख्या			नामांकन			GER
	बालक	बालिक	योग	बालक	बालिका	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8
2001–02	204326	199707	404033	198378	194340	392718	97.19
2002–03	207390	202702	410092	201583	197026	398609	97.20
2003–04	217578	193548	411126	212451	188577	401028	97.54
2004–05	220678	215691	436369	226528	220971	447499	102.5
2005–06	226415	221298	447713	235172	226422	461594	103
2006–07	232301	227151	459352	240835	236512	477347	104
2007–08	238340	232954	471294	250468	245972	496440	105
2008–09	244536	239010	483546	260487	260745	521232	108
2009–10	250893	245224	496117	270906	272478	543384	110

सारणी 4.2

उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन के लक्ष्य

वर्ष	11–14 वय वर्ग के बच्चों की संख्या			नामांकन			GER
	बालक	बालिक	योग	बालक	बालिका	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8
2001–02	88681	78787	167468	82608	63793	146401	87.42
2002–03	90986	80835	171821	85472	68819	154291	89.79
2003–04	119604	100696	220300	118146	99395	217541	98.75
2004–05	122713	103314	226027	120381	101351	221732	98.10
2005–06	125167	105380	230547	122913	103378	226291	98.15
2006–07	128421	108120	236541	128421	108120	236541	100
2007–08	131760	110931	242691	135712	114259	249971	103
2008–09	135181	113815	248996	141264	118937	260201	104.50
2009–10	138695	116774	255469	152564	128451	281015	110

वर्ष 2001 की जनगणना की विभिन्न आयु वर्ग की जनसंख्या ग्रामीण/पगीश अनुसूचित, जनजाति के लिये विशिष्ट आंकड़े प्राप्त हैं तथा उनका समावेश प्राथमिक स्तर पर 6–11 आयु वर्ग के बच्चों के लिये वर्ष 2003 तक तथा उच्च प्राथमिक स्तर के लिये 11–14 आयु वर्ग के बच्चों को वर्ष 2007 तक शतप्रतिशत नामांकन का लक्ष्य रखा गया है।

कुल नामांकन में कुछ कम उम्र के बच्चे तथा कुछ अधिक आयु वर्ग के बच्चे सम्मिलित होंगे इस लिये जी. ई. आर. का लक्ष्य 100 से अधिक रखा गया है। नामांकन के लक्ष्य में यह भी उल्लिखित है कि प्राथमिक स्तर पर सन् 2003 के बाद तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर सन् 2007 के बाद जी. ई. आर में वृद्धि कम होगी। क्योंकि 6–11 वर्ष तथा 11–14 वर्ष के वय वर्ग में जितने बच्चे बढ़ेंगे, उतने ही बच्चें नामांकन में भी बढ़ेगे।

ठहराव के लक्ष्य–

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिले की योजना में सन् 2007 तक प्राथमिक स्तर पर तथा सन् 2007 तक उच्च प्राथमिक स्तर पर शत् प्रतिशत ठहराव का लक्ष्य रखा गया है। प्राथमिक स्तर पर ड्राप आउट कम करने के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं जो निम्नवत हैं।

सारणी 4.3

प्राथमिक विद्यालयों में ड्राप आउट दर

वर्ष	प्राथमिक स्तर पर ड्राप आउट की दर	ठहराव
2000–01	33.3	66.7
2001–02	32	68
2002–03	25	75
2003–04	26	74
2004–05	09	91
2005–06	06	94
2006–07	0	100
2007–08	0	100
2008–09	0	100
2009–10	0	100

सारणी 4.4

उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ड्राप आउट दर

वर्ष	उच्च प्राथमिक स्तर पर ड्राप आउट की दर	ठहराव
2000–01	18	82
2001–02	16	84
2002–03	13	87
2003–04	14	86
2004–05	05	95
2005–06	03	97
2006–07	0	100
2007–08	00	100
2008–09	00	100
2009–10	00	100

परियोजना क्रियान्वयन के समय जिले में ड्राप–आउट के सम्बन्ध में कोई प्रगति तथा अनुश्रवण हेतु प्रत्येक तीन वर्ष पर प्राथमिक स्तर का ड्राप आउट तथा उच्च प्राथमिक स्तर का ड्राप आउट ज्ञात करके इस विधा को समाप्त करने में ठोस कदम उठाया जायेगा।

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये कला जत्था के कार्यक्रम, मीना कैम्पेन, ठहराव परिक्रमा, तारांकन, ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण, माता शिक्षक संघ/ अभिभावक शिक्षक संघ/ महिला प्रेरका दल का गठन एवं प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित किये जा रहे हैं इन्हें सर्वशिक्षा अभियान में भी जारी रखा जायेगा।

अध्याय— पांच

समस्याएं एवं रणनीतिः—

जनपद प्रतापगढ़ में विभिन्न स्तरों से कराये गये सर्वेक्षण, अधिकारिक गोष्ठियां, ग्रुप डिसकसन से प्राप्त विचारों के विश्लेषण से उपलब्ध संसाधनों के सापेक्ष व्यावहारिक एवं संतुलित रणनीति बनायी गयी है। इसमें मुख्य समस्याएं छात्र नामांकन, बच्चों का विद्यालय में ठहराव, अध्यापक अध्यापिकाओं की नियुक्तियां, विद्यालय भवनं का पुनर्निमाण नवीन भवन निर्माण, हैण्ड पम्पों की स्थापना एवं मरम्मत शौचालयों का निर्माण एवं रख—रखाव विद्यालय प्रांगण की सजावट से सम्बन्धित समस्याएं उभर कर सामने आयी है।

उपर्युक्त समस्याओं को विद्यालय स्तर पर क्षेत्र स्तर पर एवं जनपद स्तर पर दूर करने हेतु जो रणनीति सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निर्धारित की गयी है वह निम्नवत है।

समस्याएं	निराकरण के उपाय
1— आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ापन	इस कार्य के निमित्त महिला मंगल दल, बाल विकास परियोजना के कार्यकत्री, ए. एन. एम. कल जत्था द्वारा जनसम्पर्क करना तथा ग्राम शिक्षा समितियों की सहभागिता एवं सहयोग से अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति की जायेगी।
2— शिक्षा की उपादेयता संदिग्ध	छात्रों को स्वावलम्बन एवं करके सीखने की आदत का विकास करने हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा, कार्यानुभव योजना लागू की जाय, बालिकाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, फल संरक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में तथा नगरीय क्षेत्रों

	में ब्यूटी पार्लर, फाइन आर्ट, चटाई निर्माण बैग बनाने का प्रशिक्षण देने का प्रबन्ध देना, सिलाई कढ़ाई के लिये ग्रामीण अंचलों के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध छात्रों की रूचि के अनुरूप सिलाई कढ़ाई की व्यवस्था की जाय, कढ़ाई के लिये बुनाई मशीन की व्यवस्था की जायेगी उनके रख–रखाव पर व्यय विद्यालय को प्राप्त अनुदान से करायी जायेगी।
3– असेवित एवं मलिन बस्तियों में विद्यालय की सुविधा न होना।	डेढ़ किलो मीटर की दूरी तथा 300 की आबादी वाले बस्तियों में प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जायेगी तथा शिक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत एक किमी की दूरी पर 6–8 आयु वर्ग के बच्चों हेतु विद्या केन्द्र स्थापित करना प्रस्तावित है। 9–14 आयु – वर्ग के बच्चों के लिए ए. आई. ई. केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। घनी बस्तियों में स्थित विद्यालयों में द्विपाली योजना।
4– भौगोलिक परिस्थितियों के कारण शिक्षा के शैक्षिक अवरोध	नदी–नाले जंगल, झील, रेलवे लाइन आदि के कारण विद्यालय तक छात्रों के न पहुंच पाने के कारण शिक्षा गारन्टी योजना के अन्तर्गत वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र नवाचार शिक्षा केन्द्र छोटे बच्चों के लिए स्कूल खोले जायेंगे।

5– विद्यालयों में भौतिक संसाधनों का अभाव	छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा– कक्षों का निर्माण, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, शौचालय तथा चहारदीवारी की व्यवस्था की जायेगी। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों के बैठने के लिये छात्र संख्या के आधार पर काष्ठ उपकरण की व्यवस्था कराने की योजना है।
6– शिक्षा के मूल उद्देश्यों से अभिभावकों की अनभिज्ञता।	शिक्षा के मूल उद्देश्य से विभिन्न माध्यमों द्वारा जैसे नुक्कड़ नाटक, कला जत्था, चलचित्र प्रदर्शनी से अभिभावकों को प्रेरित किया जायेगा तथा उन्हें नौकरी से आवश्यक शिक्षा का ज्ञान गोष्ठियों द्वारा कराया जायेगा।
7– शिक्षक की व्यवहार कुशलता एवं व्यक्तित्व में कमी	शिक्षक की छवि समाज में तथा छात्रों के मस्तिष्क में सकारात्मक गुणवत्ता परक तथा विशिष्ट प्रभावकारी हो इसके लिये शिक्षक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी जिससे उनके विषय वस्तु के ज्ञान में लगातार वृद्धि हो शिक्षक को सामुदायिक सहभागिता हेतु व्यवहार कुशल करने के लिये प्रशिक्षित करके ग्राम शिक्षा समितियों से समन्वय स्थापित कराया जायेगा।

8– विद्यालयों में छात्र संख्या के सापेक्ष अध्यापकों की कमी	40:1 छात्र अध्यापक का अनुपात है, इस कमी को शिक्षा मित्र की नियुक्ति करके पूरी की जायेगी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विषय अध्यापक कम है अतएव योग्य शिक्षा मित्रों को पूर्व–माध्यमिक विद्यालयों में विषय अध्यापक के रूप में समायोजित किया जायेगा, शिक्षा मित्र के चयन में अधिक योग्य अभ्यर्थी का चयन किया जाना प्रस्तावित हे।
9– विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण होना	प्रत्येक प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में चहारदीवारी तथा गेट का निर्माण कराया जायेगा तथा प्रांगण में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फूल दार वृक्ष द्वारा लगाये जायेंगे अधिक बड़े प्रांगण में फलदार वृक्ष लगाना प्रस्तावित है।
10– विद्यालय का शैक्षिक वातावरण	बच्चों के समूह चर्चा हेतु बैठने हेतु दरी तथा काष्ठोपकरण उपलब्ध कराया जायेगा, बच्चों द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण कराया जायेगा। विद्यालय का प्रांगण घर से अधिक सुन्दर बनाया जायेगा जिससे बच्चे अधिक समय विद्यालय में दे।

11– विद्यालय निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण की कमी	सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, डायट के प्रवक्ता, प्रति उ0 नि0, बी9 आर0 सी0, समन्वयक एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयक द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया जायेगा, तथा निम्न श्रेणी के विद्यालयों को उच्च श्रेणी में पदोन्नति कराया जायेगा।
12 सामाजिक सहभागिता की कमी	विद्यालय के प्रति अभिभावकों में यह सोच लायी जाय कि विद्यालय हमारा है तथा इसमें अच्छे पठन पाठन से हमारे बच्चे का भविष्य उज्जवल होगा। इस कार्य के लिये ग्राम शिक्षा समितियों का सहयोग लिया जाय, माइक्रोप्लानिंग एवं गुणवत्ता परक शिक्षा हेतु विद्यालय परिवेश में सुधार हेतु गणवेश, अनुशासन, स्वच्छता, साज सज्जा में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ली जाय, गरीब बच्चों को गणवेष हेतु ग्रामीण समुदाय को उपलब्ध कराने हेतु प्रेरित किया जाय।
13 विकलांग बच्चों के लिये शिक्षण व्यवस्था	विकलांग बच्चों का सर्वे कराकर उनको उपलब्ध होने वाली सुविधाएं देने हेतु प्रस्तावित किया जाये पैर से विकलांग वाले बच्चों को अन्य विभागों को सूचना देकर ट्राई सायकिल, जूता तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

14– अध्यापक का विद्यालय में कम ठहराव	अध्यापक विद्यालयी शिक्षण व्यवस्था मे कम समय दे पाता है वह सूचनाओं के संकलन में अधिक समय नष्ट न करें सूचनाएं ब्लाक स्तर पर कम्प्यूटराइज्ड कर दी जांय तथा अन्य शासकीय कार्यों में अध्यापक का कम से कम योगदान लिया जाय, जिससे वह विद्यालय में अधिक से अधिक समय दे सकेगा।
15– सतत् मूल्यांकन का अभाव	कोटि– पूरक शिक्षा के लिये सतत् एवं प्रभावी मूल्यांकन का विशेष महत्व है, मूल्यांकन मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं वार्षिक कराया जायेगा, कमजोर छात्रों के अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित कर छुट्टियों में भी शिक्षण की व्यवस्था की जायेगी ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जायेगा।

उपर्युक्त बिन्दुओं के आधार पर नामांकन, ठहराव एवं गुणवत्ता के परिप्रेक्ष्य में निम्नवत वर्गीकरण किया जा रहा है–

{क} नामांकन में समस्याएं

क्रमांक	समस्याएं	रणनीति
1	निर्धारित दूरी के अन्तर्गत विद्यालयों का न होना	नये प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले जायेगे

क्रमांक	समस्याएं	रंणनीति
2	प्राकृतिक अवरोधों के कारण छोटे बच्चों का विद्यालय की पहुंच से बाहर होना	शिक्षा गारण्टी योजनान्तर्गत विद्या केन्द्र खोले जायेंगे।
3	मलिन बस्तियों / अल्प संख्यक बस्तियों एवं बाल श्रमिकों की बस्तियों से विद्यालय दूर होना	वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की जायेगी।
4	अभिभावकों द्वारा शिक्षा के महत्व को न समझना	ग्राम शिक्षा समितियों का गठन एवं प्रशिक्षण कराया जायेगा।
5	अध्यापकों को सेवित क्षेत्र के विद्यालय न आने वाले बच्चों की जानकारी न होना	माइक्रो प्लानिंग एवं ग्राम शिक्षा योजना का निर्माण कराया जायेगा।
6	विद्यालयों में अध्यापकों की कमी	शिक्षा मित्रों की नियुक्ति की जायेगी।
7	समुदाय का सहयोग न होना।	स्कूल चलो अभियान, वी. ई. सी. प्रशिक्षण कराया जायेगा।
8	ग्राम स्तर पर आवश्यकता का सही आंकलन न होना।	पी. आर. ए. कराया जायेगा।
9	अभिभावकों का गरीब होना	निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें का वितरण कराया जायेगा।

{ख}ठहराव की समस्या		
क्रमांक	समस्याएं	रणनीति
1	अभिभावकों का शिक्षा में रूचि न लेना।	शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जायेगा।
2	विद्यालय में शौचालय न होने के कारण लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती हैं।	विद्यालय में शौचालय का निर्माण कराया जायेगा।
3	विद्यालय में पेय जल का अभाव	विद्यालयों में हैण्ड पम्प लगवाये जायेंगे।
4	विद्यालय भवनों का जर्जर होना	जर्जर भवनों का पुर्ननिर्माण कराया जायेगा।
5	कक्षा – कक्षों का टूटा फूटा होना।	कक्षा–कक्षों की मरम्त कराई जायेगी।
6	छात्र अध्यापक अनुपात अधिक होना।	शिक्षा मित्रों की नियुक्ति की जायेगी।
7	विद्यालय दूर होने के कारण बालिकाएं विद्यालय नहीं जा पातीं।	महिला प्रेरक दल का गठन व प्रशिक्षण कराया जायेगा।
8	अभिभावकों का विद्यालयों पर विश्वास नहीं होना।	मातृ / अभिभावक शिक्षक संघ का गठन एवं प्रशिक्षण कराया जायेगा।
9	बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिरूचि न होना।	मां बेटी मेलों का न्याय पंचायत स्तर पर आयोजन कराया जायेगा।
10	अभिभावकों का लड़कियों की शिक्षा के प्रति उदासीन होना।	मीना कैम्पेन का आयोजन कराया जायेगा।
11	अध्यापकों का लिंग के प्रति संवेदन हीन होना	जेंडर सेन्सटाईजेसन प्रशिक्षण कराया जायेगा।

{ग} गुणवत्ता की समस्या

क्रमांक	समस्याएं	रणनीति
1	अध्यापकों का दक्ष न होना।	अध्यापकों / शिक्षा मित्रों / आचार्यों / अनुदेशकों / ई. सी. सी. ई. कार्य कत्रियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।
2	ग्राम शिक्षा समितियों का निष्क्रिय होना।	ग्राम शिक्षा समितियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।
3	प्रशासनिक तंत्र का शिक्षा में रूचि न लेना।	सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी / समन्वयक वी. आर. सी. / एन. पी. आर. सी. का प्रशिक्षण कराया जायेगा।
4	पाठ्यक्रम का रूचिपूर्ण एवं बच्चों के मानसिक स्तर के अनुकूल न होना।	नई पाठ्य पुस्तकों की रचना की जायेगीं
5	अध्यापक पाठ्य पुस्तकों को मनोवैज्ञानिक ढंग से पढ़ नहीं पा रहे हैं।	शिक्षक संदर्शिकोंओं का निर्माण कर अध्यापकों को उपलब्ध कराया जायेगा।
6	विद्यालयों का गुणवत्ता युक्त न होना।	विद्यालयों का श्रेणीकरण कराकर स्थिति में सुधार लाया जायेगा।

अध्याय– छः

शिक्षा की पहुंच का विस्तारः–

1. वर्ष 2000–2001 से इस जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम III के अनन्तर्गत 78 प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना करायी जा चुकी है। निरन्तर जसंख्या बृद्धि होने के कारण प्राथमिक विद्यालयों की कमी होती जा रही है। सर्वेक्षण के अनुसार जनपद के विभिन्न शिक्षा क्षेत्रों में निम्नलिखित संख्या में प्राथमिक विद्यालय वांछित है–

सारिणी 6.1

क्र.सं.	विकास क्षेत्र कानाम	नवीन प्राथमिक विद्यालयों की संख्या { प्रस्तावित}
1	कालाकांकर	2
2	बाबागंज	3
3	कुण्डा	3
4	बिहार	3
5	सांगीपुर	2
6	लालगंज	2
7	लक्षमणपुर	2
8	सण्डवा चन्द्रिका	2
9	सदर	2
10	मान्धाता	3
11	मंगरौरा	3
12	पट्टी	5
13	आसपुर देवसरा	4
14	शिवगढ	5
15	गौरा	4
16	रामपुर संग्रामगढ़	6
17	बाबाबेलखरनाथधाम	4
18	नगर क्षेत्र	1
	योग	56

2 . उच्च प्राथमिक नवीन विद्यालयों की जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम III "तृतीय" के अन्तर्गत स्थापना का कोई प्राविधान नही रखा गया था। इसलिए जनपद में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की निरन्तर कमी होती जा रही है। प्रत्येक दो प्राथमिक विद्यालयों पर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना अपेक्षित है। परन्तु संसाधनों को देखते हुए प्रत्येक शिक्षा क्षेत्र में निम्न लिखित उच्च प्राथमिक विद्यालय आवश्यकतानुसार प्रस्तावित किये गये हैं।

सारिणी 6.2

क्र.सं.	विकास क्षेत्र कानाम	आवश्यकता प्रस्तावित उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या
1	कालाकांकर	4
2	बाबागंज	6
3	कुण्डा	8
4	बिहार	7
5	सांगीपुर	6
6	लालगंज	4
7	लक्षमणपुर	4
8	सण्डवा चन्द्रिका	3
9	सदर	2
10	मान्धाता	5
11	मंगरौरा	6
12	पट्टी	3
13	आसपुर देवसरा	5
14	शिवगढ	6
15	गौरा	4
16	रामपुर संग्रामगढ़	8
17	बाबाबेलखरनाथधाम	8
18	नगर क्षेत्र	1
	योग	90

अतएव सर्वशिक्षा अभियान में कुल 90 उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना कर देने से असेवित बस्तियां स्वतः सेवित हो जायेंगी।

सारिणी 6.3

नवीन प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय खोलने का लक्ष्य :

वित्तीय वर्ष	नवीन प्राथमिक विद्यालय	नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय
2002–03	–	27
2003–04	56	63
2004–05	–	–
2005–06	–	–
2006–07	–	–
2007–08	–	–
2008–09	–	–
2009–10	–	–
योग	56	90

शिक्षा की व्यवस्था :–

प्राथमिक विद्यालयों में स्थापना होते समय एक सहायक अध्यापक तथा एक शिक्षा मित्र की व्यवस्था की जायेगी। शिक्षा मित्र के चयन में योग्य अधिक योग्य अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी। भवन निर्माण तक ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा विद्यालय स्थापित होने पर अस्थाई पठन पाठन की व्यवस्था कराई जायेगी। अध्यापक तथा ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से शत प्रतिशत छात्र नामांकन कराकर उन्हें विद्यालया में शिक्षा पूर्ण करने हेतु रोकने की व्यवस्था की जायेगी।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना में एक प्रधानाध्यापक तथा चार सहायक अध्यापक प्रस्तावित है। प्रत्येक विद्यालय में एक विषय अध्यापक तथा एक विज्ञान अध्यापक की नियुक्ति का प्राविधान रखा गया है। नवीन स्थापित विद्यालय म अनुभवी अध्यापकों का चयन कराने में वरीयता दिया जाय। अध्यापकों/शिक्षा मित्रा के चयन पर 50 प्रतिशत महिला अभ्यर्थियों के चयन को वरीयता प्रदान किया जायेगा।

नवीन प्राथमिक विद्यालय साज सज्जा :–

प्रत्येक नवीन प्राथमिक विद्यालय को सुसज्जित करने तथा विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मानक के अनुसार निर्धारित धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस उपलब्ध धनराशि का उपयोग ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से कराया जायेगा। इस धनराशि से निम्नलिखित सामग्री को क्रय किया जायेगा– मेज, कुर्सी, बाल्टी, घण्टा, लोटा, गिलास, टाटपट्टी, आलमारी, सन्दूक, श्यामपट्ट, कूड़ादान, म्यूजिकल इक्विपमेन्ट (ड्रोलक, मजीरा, हारमोनियम, रिंग, गेंद, कूदने की रस्सी, टायरयुक्त कूदने की रस्सी) कक्षा शिक्षण सामग्री (गणित किट, विज्ञान किट, मानचित्र, शैक्षिक चार्ट, ग्लोब, शब्दकोष, ज्ञानकोष, खिलौने, बौद्धिक खेलकूद के ब्लाक आदि) उक्त सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी। किन्तु ग्रामीण अंचलों में विज्ञान किट, गणित किट सुलभता से उपलब्ध नहीं हो पाते हैं इसलिए इनकी व्यवस्था जनपदीय क्रय समिति के माध्यम से कराई जायेगी।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय साज सज्जा :–

ग्राम शिक्षा समिति को मानक के अनुसार धनराशि प्रेषित की जायेगी। ग्राम शिक्षा समिति को इस धनराशि से जिन सामग्रियों को क्रय करना होगा वे इस प्रकार हैं– मेज, कुर्सी, बाल्टी, लोटा, गिलास, घण्टा, कूड़ादान, म्यूजिकल इक्विपमेन्ट (ढोलक, मजीरा, हारमोनियम, बाँसुरी आदि) क्रीड़ा सामग्री (फुटबाल, वालीबाल, स्कीपिंग से हवा भरने का पम्प, क्लासरूप टीचिंग मैटेरियल, गणित किट, विज्ञान किट, मानचित्र, शैक्षिक चार्ट, ग्लोब ज्ञान कोष, शब्द कोष, टू इन वन, आदि–आदि तथा शिक्षक सहायक सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी। इनका भी क्रय जनपदीय क्रय समिति के माध्यम से कराया जायेगा।

पेयजल, शौचालय एवं चहार दीवारी :–

विद्यालय भवन का निर्माण ग्राम शिक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित / उपलब्ध स्थल पर कराया जायेगा। यह प्रयास रहेगा कि विद्यालयों की स्थापना आबादी से दूर शुद्ध वातावरण में तथा छायादार वृक्षों के सन्निकट कराया जायेगा। इण्डिया मार्का टू हैण्ड पम्प प्रत्येक विद्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। इनके रख रखाव तथा मरम्मत आदि के व्यय हेतु विद्यालय को धन उपलब्ध कराया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय के सन्निकट छात्र एवं छात्राओं को अलग अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगीं इसे स्वच्छ रखने हेतु विद्यालय को वर्ष में कुछ धन का प्रस्ताव कर दिया जायेगा। प्रत्येक नवीन विद्यालय की अपनी एक चहार दीवारी होगी जिसके निर्माण का दायित्व ग्राम शिक्षा समिति का होगा।

निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था :–

विद्यालय भवन, शौचालय तथा बाउन्ड्री का निर्माण का दायित्व तथा ग्राम शिक्षा समिति का होगा। समस्त सदस्य निर्माण गुणवत्ता की जांच समय समय पर करते रहेंगे। तकनीकी जानकारी हेतु विकास खण्डों पर उपलब्ध अवर अभियन्ता का सहयोग मिलता रहेगा। सर्व शिक्षा अभियान से भवन शौचालय तथा चहारदीवारी का धन एक साथ विद्यालयों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी। अवसर अभियंताओं को अनेक सहयोग के लिये मानदेय की भी व्यवस्था की जा रहीं है।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की लागत में कमी लाने की व्यवस्था :–

नवीन प्रस्तावित उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण यथा सम्भव प्राथमिक विद्यालय के परिसर में ही की जाय जिससे चहार दीवारी की लागत में कमी आयेगी ओर यह धन विद्यालय के साज सज्जा तथा सौन्दर्यीकरण में व्यय किया जायेंगा। ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से ऐसे अभिभावकों या सम्भ्रान्त नागरिकों को प्रेरित किया जाय जो विद्यालय में सहयोग देने योग्य हों इस प्रकार

से प्राप्त धन का उपयोग विद्यालय की साज सज्जा में खेलकूद उपकरण क्रय करने में तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण में किया जायेगा।

भवन निर्माण अथवा बाउन्ड्री निर्माण में ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से श्रमदान कराकर मजदूरी पर होने वाले व्यय पर बचत की जा सकती है ओर इस धन का उपयोग विद्यालय के रख–रखाव में किया जा सकता है। ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से विद्यालयों में पुस्तकालय व वाचनालय की व्यवस्था करायी जा सकती है। जिसमें शिक्षा के साथ साथ छात्रों का बौद्धिक स्तर और अधिक विकसित हो सकता है। ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से ऐसे लोगों को प्रेरित किया जाय जो अपने या अपने किसी पूर्वज के नाम से विद्यालय परिसर में किसी निर्माण कार्य की स्थापना करना चाहते हैं।

शैक्षिक सुविधाओं की आवश्यकता हेतु सर्वेक्षणः–

राज्य सरकार के द्वारा प्रत्येक शिक्षा क्षेत्र का बस्तीवार सर्वेक्षण कराया गया है जिसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/ प्रति उप विद्यालय निरीक्षकों के द्वारा सेवित असेवित बस्तियों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान अल्पसंख्यक क्षेत्रों में अल्प संख्यकों के साथ गोष्ठी, अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों के साथ गोष्ठी, पिछड़े वर्गों वाले क्षेत्रों में पिछड़े वर्गों के साथ गोष्ठी, क्षेत्र स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी और ग्राम प्रधानों की गोष्ठी करके सम्बन्धित क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं के अनुसार विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। प्राथमिक विद्यालय की स्थापना में 1.5 किमी की दूरी तथा 300 जनसंख्या और उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिये 3 किमी की दूरी तथा 800 जन संख्या के मानक को ध्यान में रखा गया है। आवश्यकता अनुसार केवल उतने ही नये विद्यालयों के खोलने का प्रस्ताव किया

गया है। जिससे तात्कालिक आवश्यकता की पूर्ति हो सके। प्रत्येक वर्ष सर्वेक्षण हेतु रूपये दो लाख का प्राविधान सर्व शिक्षा के पर्सपेक्टिव प्लान एवं बजट में कर दिया गया है।

विद्यालय निर्माण कार्य का तकनीकी पर्यवेक्षण:-

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत पूरे जनपद में भवन निर्माण अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शौचालय तथा चहार दीवारी निर्माण इत्यादि कार्यो की गुणवत्ता जांच के लिये एक तकनीकी प्रकोष्ठ की परिकल्पना की गयी है जिसमें पांच अवर अभियन्ता तथा एक सहायक अभियन्ता {तकनीकी} रखा जायेगा। यह प्रकोष्ठ आवश्यकतानुसार योजनान्तर्गत निर्मित समस्त कार्यो का निरीक्षण तथा गुणवत्ता की जांच करता रहेगा एवं अच्छे निर्माण करने हेतु सम्बन्धित एजेन्सी को समय समय पर तकनीकी परामर्श भी देता रहेगा।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले से ही ऐसी व्यवस्था कर ली गयी है जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

अध्याय सात

शिक्षा की पहुँच का विस्तार भाग–2

शिक्षा गारंटी योजना / वैकल्पिक, शिक्षा / नवाचार–

भारत के संविधान के अन्तर्गत 6 से 14 वय वर्ग के सभी बच्चो के प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराये जाने का संकल्प लिया गया है।

स्कूल रहित बस्तियों में रहने वाले बच्चों, बीच मे विद्यालय छोड़ देने वाले बच्चों, पूरे स्कूल में न रहने वाले बच्चों तथा कामकाजी बालक एवं बालिकाओं के लिए संचालित अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के वर्तमान स्वरूप का रिव्य / मूल्यांकन भारत सरकार के योजना आयोग के प्रोग्राम मूल्यांकन आर्गनाइजेशन द्वारा किया गया।

तत्कालीन शिक्षा के स्वरूप एवं उसके कार्यान्वयन में कुछ कमियाँ पायी गयी। उस समय की शिक्षा व्यवस्था सम्बन्धी योजनाएं शिक्षा नीति 1986 एवं उसके प्रोग्राम आफ एक्शन 1992 के उद्देश्यों को पूर्ण करने मे अपेक्षाकृत सफलता नहीं प्राप्त कर पा रही थी।

अतः भारत सरकार द्वारा तत्समय संचालित अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के स्वरूप को पुनरीक्षित कर उसके स्थान पर शिक्षा गारंटी योजना तथा वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा योजना के रूप में चलाये जाने का निर्णय लिया गया।

झेंप/मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण प्राथमिक शिक्षा से वंचित बच्चे, विशेषकर बालिकाएं, कामकाजी तथा बाल--श्रमिकों को प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों, अल्पकालीन ग्रीष्म कालीन शिविरों तथा दीर्घकालीन शिविरों ब्रिज कोर्स शिविरों का आयोजन वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जायेगा। इसके अतिरिक्त मुस्लिम सम्प्रदाय द्वारा चलाये जा रहे सकतवों/मदरसों में बालक/बालिकाओं को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किया जाने के उद्देश्य से इनके क्षेत्रों में भी AIE योजना की व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यतः झुग्गी–झोपड़ी मलिन बस्तियों एवं बाल श्रमिकों से आच्छादित स्थलों आदि, जहॉ पर 9–14 वय वर्ग के ड्राप आउट एवं विद्यालय न जाने वाले कम से कम 20 बच्चे उपलब्ध होंगे वहां नवाचार एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र संचालित किये जायेगे। इन केन्द्रों में बच्चों का प्रवेश किसी भी समय किया जा सकता है तथा इन केन्द्रों के माध्यम से इन वर्गों के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा की विभिन्न कक्षाओं की पढ़ाई (जिस स्तर के बच्चे होंगे) पूर्ण कराकर औपचारिक शिक्षा की मुख्य धारा के प्राथमिक विद्यालय में किसी भी उपयुक्त कक्षा में किसी भी समय प्रवेश दिया जा सकेगा इसके लिये निकट के प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा प्रवेश दिलाये जाने की व्यवस्था सम्पन्न करायी जायेगी। जिससे वे बच्चे अतिशीघ्र मुख्य धारा में शिक्षा ग्रहण करना प्रारंभ कर दें।

ब्रिज कोर्स/ग्रीष्मकालीन शिविर/बैक टू स्कूल कैम्प :

सडक/प्लेटफार्म मलिन बस्तियों, दकानों, घमन्त, बच्चों, नौकरी, पेशा, कुलीगीरी करने वाले बच्चों तथा ऐसे बच्चों जिसके अभिभावक जेल में हैं अथवा बाल श्रमिक/खतरनाक उद्योगों में लगे बच्चों जिनका वय वर्ग सामान्यत 9–14 है के लिए ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन शिविर/बैक टू स्कूल कैम्प संचालित किये जायेगें।

इन ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन शिविरों/बैक टू स्कूल कैम्प का मुख्य उद्देश्य औपचारिक विद्यालय से वंचित रहे इन बच्चों को औपचारिक विद्यालय में लाने का प्रयास किया जाना है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार अधिक आयु के बच्चो को इन शिविरों में लाया जायेगा परन्तु फिर भी इन बच्चों का वय वर्ग सामान्यतः 9 से 14 वर्ष होना चाहिए

कोर्स/शिविरों की अवधि आवश्यकतानुसार 4 माह से 18 माह तक की शिविर की अवधि हो सकती है।

भारत सरकार के निर्देशों में यद्यपि इन शिविरों में न्यूनतम् बच्चों की संख्या निर्धारित नहीं है फिर भी प्रदेश सरकार के संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक ब्रिज कोर्स एवं ग्रीष्म कालीन शिविरों में न्यूनतम् 50 बच्चे सम्मिलित किये जायेगें तथा यह शिविर आवासीय होंगे।

इन शिविरों में बच्चों के रहने, खाने–पीने एवं शिक्षण आदि की व्यवस्था निःशुल्क होगी।

निर्धारित मानकों के अन्तर्गत ब्रिज कोर्स/शिविर के लिए एक केयर टेकर दो पैरा टीचर एक कुक (रसोइया) तथा एक चौकीदार की आवश्यकता होगी।

वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों तथा ब्रिज कोर्स/शिविरों का कार्यक्रम का नियोजन एवं माइक्रोप्लानिंग :–

प्रत्येक विकास क्षेत्र में वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों एवं ब्रिज कोर्स/शिविरों का निर्धारण क्षेत्र की आवश्यकता के आधार पर किया जायेगा।

जनपद में माइक्रोप्लानिंग का कार्य DPEP द्वारा पूरा किया जा रहा है माइक्रोप्लानिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही प्रस्ताव तैयार किए जाने है माइक्रोप्लानिंग का कार्य विधिवत् रूप से कराया जा रहा है।

माइक्रोप्लानिंग के कार्य के अन्तर्गत प्रत्येक क्षेत्र में 6–14 वय वर्ग के बच्चों का

4– ऐसे क्षेत्र जहां स्ट्रीट चिल्ड्रेन बाल श्रमिक एवं खतरनाक, गैर खतरनाक उद्योगों में संलग्न बच्चों की संख्या अत्यधिक हो।

5– ऐसे क्षेत्र जहां प्राथमिक विद्यालय/शिक्षा गारंटी योजना के विद्यालय न हो।

केन्द्रों का संचालन स्थल ग्राम शिक्षा समिति की संस्तुतियों पर पंचायत भवन, चौपाल अथवा किसी विवाद रहित स्थान पर किया जाएगा। जो पहुँच की दृष्टि से पूर्व संदर्भित वंचित वर्ग के बच्चों के लिए उपयुक्त हो।

केन्द्र संचालन का समय :–

विशेष परिस्थितियों को छोड़कर केन्द्रों के संचालन का समय देर शाम एवं रात्रि को नहीं रखा जायेगा। वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र प्रतिदिन 4 घंटे, संचालित किये जायेगें।

अनुदेशक – चयन

अनुदेशक यथा संभव उसी स्थान एवं समुदाय के उपयुक्त होगा जहां पर वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र स्थापित किया जाना है। उसी ग्राम का अर्ह व्यक्ति न मिलने पर बिल्कुल निकट के गांव का व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होगी। इस हेतु महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। अनुदेशक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। अनुदेशक का चयन ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आवेदन प्राप्त करके हाईस्कूल परीक्षा के अंकों के प्रतिशत को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठता के आधार पर किया जायेगा। तत्पश्चात् अनुदेशक को आमंत्रण पत्र आदेश ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्गत किया जायेगा। किसी अनुदेशक का कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में ग्राम शिक्षा समिति की 2/3 बहुमत से प्रस्ताव करके अनुदेशक को हटाया जा सकता है। ग्राम समिति शिक्षा द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

नगर क्षेत्र में खोले जाने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में अनुदेशक का चयन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर शिक्षा

अधिकारी, सभासद संबंधित वार्ड, नगर क्षेत्र का वरिष्ठतम् प्रधानाध्यापक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा।

मकतव/मदरसों में शिक्षण कार्य करने वाले मौलवी अथवा हाफिज द्वारा अनुदेशक हेतु शैक्षिक अर्हता रखने वाले तथा शिक्षण कार्य करने के इच्छुक होने की स्थिति मे मकतवों/मदरसों में संचालित होने वाले केन्द्रों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी अन्यथा संबंधित मकतव की प्रबन्ध समिति द्वारा अर्ह व्यक्ति जिसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो, को मकतबो में संचालित होने वाले केन्द्रों में अनुदेशक के रूप में चयनित कर शिक्षण कार्य हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित करना होगा कि स्थानीय जन समुदाय को अनुदेशक की आवश्यकता एवं उसके चयन के सम्बन्ध में जानकारी हो गयी है। ग्राम शिक्षा समिति संबंधित अनुदेशक हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण कर उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बनायेगी। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार को भी, यदि आवश्यक हुआ तो, सम्मिलित किया जा सकता है।

उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रों के लिये अनुदेशकों को न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु 21 वर्ष रखी गयी है। जहां पर स्नातक अभ्यर्थी उपलब्ध न हो सकेंगे वहां पर इंटरमीडिएट उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

अनुदेशक के चयन के सम्बन्ध में अनुदेशक एवं ग्राम शिक्षा समिति के मध्य संविदा पत्र भराया जायेगा।

अनुदेशक का मानदेय वितरण :–

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के प्रारंभ होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुदेशक के मानदेय की धनराशि रूपये 1000.00 प्रति अनुदेशक दर से संबंधित ग्राम शिक्षा समिति के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित कर दी जायेगी जिसे अध्यक्ष एवं सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा अनुदेशक को चेक

4– ऐसे क्षेत्र जहां स्ट्रीट चिल्ड्रेन बाल श्रमिक एवं खतरनाक, गैर खतरनाक उद्योगों में संलग्न बच्चों की संख्या अत्यधिक हो।

5– ऐसे क्षेत्र जहां प्राथमिक विद्यालय/शिक्षा गारंटी योजना के विद्यालय न हो।

केन्द्रों का संचालन स्थल ग्राम शिक्षा समिति की संस्तुतियों पर पंचायत भवन, चौपाल अथवा किसी विवाद रहित स्थान पर किया जाएगा। जो पहुँच की दृष्टि से पूर्व संदर्भित वंचित वर्ग के बच्चों के लिए उपयुक्त हो।

केन्द्र संचालन का समय :–

विशेष परिस्थितियों को छोड़कर केन्द्रों के संचालन का समय देर शाम एवं रात्रि को नहीं रखा जायेगा। वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र प्रतिदिन 4 घंटे, संचालित किये जायेगें।

अनुदेशक – चयन

अनुदेशक यथा संभव उसी स्थान एवं समुदाय के उपयुक्त होगा जहां पर वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र स्थापित किया जाना है। उसी ग्राम का अर्ह व्यक्ति न मिलने पर बिल्कुल निकट के गांव का व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होगी। इस हेतु महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। अनुदेशक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। अनुदेशक का चयन ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आवेदन प्राप्त करके हाईस्कूल परीक्षा के अंकों के प्रतिशत को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठता के आधार पर किया जायेगा। तत्पश्चात् अनुदेशक को आमंत्रण पत्र आदेश ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्गत किया जायेगा। किसी अनुदेशक का कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में ग्राम शिक्षा समिति की 2/3 बहुमत से प्रस्ताव करके अनुदेशक को हटाया जा सकता है। ग्राम समिति शिक्षा द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

नगर क्षेत्र में खोले जाने वाले वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में अनुदेशक का चयन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर शिक्षा

अधिकारी, सभासद संबंधित वार्ड, नगर क्षेत्र का वरिष्ठतम् प्रधानाध्यापक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा।

